वर्ष : 17 | अंक : 257 | मूल्य : 02 रुपया मात्र | पृष्ठ : 08

LKS

# दैनिक लोकतंत्र की शान

WWW.LKSTV.IN

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित | मंगलवार 07 जुलाई 2026

# स्वतंत्र मंत्रालय ने उपेक्षित रहे सहकारिता आंदोलन को दी नई पहचान : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब देश में सहकारिता के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष पहले बने स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय ने उपेक्षित रहे सहकारिता आंदोलन को नई पहचान दी है और यह स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रालय राज्यों के अधिकारों में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें मजबूत करने और सहकारी संस्थाओं को आधुनिक, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कार्य कर रहा है। सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आज से ठीक पांच वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय का गठन कर देश के 30 करोड़ से अधिक सहकारिता से जुड़े लोगों और 8.5 लाख से अधिक सहकारी संस्थाओं की 75 वर्षों पुरानी मांग पूरी की थी। उन्होंने कहा कि इससे सहकारिता आंदोलन को नया जीवन मिला और उसे आगे की एक सदी के लिए मजबूत आधार प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के गठन के समय यह आशंका जताई गई थी कि सहकारिता राज्य का विषय होने के कारण केंद्र राज्यों के अधिकारों में हस्तक्षेप करेगा, लेकिन पिछले पांच वर्षों में किसी भी राज्य ने ऐसी कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के कार्यों में सहयोग देना, नीतियां बनाना और सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाना है। शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में सहकारी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता को केवल प्राथमिक स्तर तक सीमित रखने के बजाय कृषि ऋण, डेयरी, उर्वरक वितरण और ग्रामीण सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक एक मजबूत तंत्र के रूप में विकसित किया गया है तथा द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों तक भी इसका विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के लिए रैंकिंग फ्रेमवर्क शुरू किया गया है, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट सहकारी समितियों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से बैंकिंग, डेयरी, विपणन, कृषि, उर्वरक तथा सहकारिता के अन्य क्षेत्रों के प्रशिक्षित पेशेवर तैयार किए जाएंगे, जिससे सहकारी संस्थाओं में प्रोफेशनल प्रबंधन, पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी तथा नियुक्तियों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। कार्यक्रम के दौरान शाह ने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## अमूल और एनसीसीएफ द्वारा 'सहकार वन' का भूमि पूजन

अमूल और एनसीसीएफ द्वारा 'सहकार वन' का भूमि पूजन तथा उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और महाराष्ट्र के जलगांव में बीबीएसएसएल की टिश्यू कल्चर सुविधाओं का भूमि पूजन भी किया गया। इस अवसर पर एनसीडी 3.0 और जियो-टैग मोबाइल एप्लिकेशन, एनडीडीबी के दूध आपूर्ति समीक्षा डैशबोर्ड पोर्टल, कोऑपरेटिव इनपुट्स एंड सर्विसेज डिलीवरी मल्टी-स्टेट लिमिटेड के अंतर्गत डेयरी पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने संबंधी पहल, कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन मल्टी-स्टेट लिमिटेड तथा गोमय सहकारी समिति मल्टी-स्टेट लिमिटेड का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही एनयूसीएफडीसी की 'सहकार सीबीएस' केंद्रीकृत कोर बैंकिंग प्रणाली और शहरी सहकारी बैंकों के लिए एआई आधारित संवादात्मक मंच 'सहकार सहयोगी' का भी अनावरण किया गया। समारोह की प्रमुख उपलब्धियों में 50 हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का ई-पैक्स में रूपांतरण रहा, जिसे सहकारी संस्थाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस दौरान बीज प्रणाली को मजबूत करने के लिए बीबीएसएसएल और आईसीएआर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। शाह ने डेयरी सहकारी समितियों के लिए आदर्श उप-विधियों तथा सहकारिता मंत्रालय की पांच वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। अपने संबोधन में शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीयता और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### संगठित अपराध सिंडिकेट का समूल विनाश

वैश्विक स्तरपर भारत आज विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।डिजिटल क्रांति, वैश्विक निवेश,आधुनिक अवसंरचना और सामाजिक परिवर्तन के इस दौर में यदि कोई सबसे बड़ी चुनौती विकास की गति को बाधित करती है,तो वह है संगठित अपराध (आर्गेनाइजेड क्राइम), आपराधिक सिंडिकेट,मादक पदार्थों की तस्करी,अवैध खनन,हवाला साइबर अपराध, रंगदारी,भूमि माफिया,मानव तस्करी तथा ऐसे आदतन अपराधी जो बार-बार जमानत पर छूटकर फिर अपराध करते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि ऐसे अपराध केवल कानून- व्यवस्था का प्रश्न नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था,लोकतंत्र निवेश,सामाजिक विश्वास और नागरिक सुरक्षा पर सीधा हमला हैं।

आज 30 जून 2026 क़ो महाराष्ट्र विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र में माननीय मुख्यमंत्री ने भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार संगठित अपराध और नशा तस्करी के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को और अधिक कठोर बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आदतन (रिपीट) अपराधी, विशेषकर ड्रग तस्करी और संगठित आपराधिक सिंडिकेट से जुड़े लोग,जो बार-बार जमानत पर छूटकर फिर से अपराध करते हैं, उन्हें महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ़ ऑर्गनिज़ड क्राइम एक्ट (मकोका) के दायरे में लाने के लिए सरकार आवश्यक कानूनी प्रावधानों पर विचार कर रही है।उनके अनुसार केवल सामान्य आपराधिक धाराओं या नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेन्सेस एक्ट,1985 (एनडीपीएस अधिनियम) के तहत कार्रवाई पर्याप्त नहीं है,क्योंकि कई मामलों में आरोपी जमानत मिलने के बाद पुनःउसी अवैध गतिविधि में शामिल हो जाते हैं।

इसलिए संगठित ड्रग नेटवर्क, उनके वित्तीय तंत्र और बार-बार अपराध करने वाले गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मकोका जैसे सख्त कानून का उपयोग आवश्यक माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में गृह विभाग आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है, ताकि संगठित अपराध पर निर्णायक प्रहार करते हुए समाज में कानून का प्रभावी भय स्थापित किया जा सके। इसी को आधार बनाते हुए इस आर्टिकल के माध्यम से मैं पूरे भारत के राज्यों से अपील करना चाहूंगा कि वह भी इस मॉडल को अपनाएं।

साथियों, यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनना है और समाज में भयमुक्त वातावरणe स्थापित करना है,तो केवल अपराधियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होगी।आवश्यकता इस बात की है कि अपराध के पूरे नेटवर्क,उसकी वित्तीय संरचना,उसके राजनीतिक- सामाजिक संरक्षण तथा पुनरावृत्ति करने वालेe अपराधियों पर कठोर और प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यही वास्तविक अर्थों में कानून का शासन (रूल ऑफ़ ला) होगा।भारत के विभिन्न राज्यों ने संगठित अपराध के विरुद्ध विशेष कानून बनाए हैं।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### गडकरी ने मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और रोपवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) की समीक्षा की। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए देशभर में विकसित किए जा रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), रोपवे, इंटरमॉडल स्टेशनों और वे-साइड सुविधाओं की परियोजना-स्तरीय प्रगति का आकलन किया। उन्होंने इन परियोजनाओं को भविष्य के लिए तैयार एकीकृत परिवहन तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण बताते हुए इनके समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान गडकरी ने कहा कि ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं देश में बहु-माध्यमीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करेंगी, नए आर्थिक अवसर सृजित करेंगी, संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देंगी और भारत की लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता को नई मजबूती प्रदान करेंगी। आधुनिक और एकीकृत परिवहन नेटवर्क विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं के समय पर पूरा होने से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की दक्षता बढ़ेगी, माल परिवहन की लागत कम होगी और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


### एनएसयूआई में चुनाव बहाली और एजुकेशन चार्टर की घोषणा



**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने सोमवार को एनएसयूआई चुनावों की बहाली की घोषणा की। राज्यवार सदस्यता अभियान से इसकी शुरुआत होगी और तकनीक आधारित पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए कॉलेज से लेकर राज्य स्तर तक संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे। कांग्रेस नेता और एनएसयूआई दिल्ली प्रभारी कन्हैया कुमार, एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की किरण मुगाबसव और कांग्रेस के डिजिटल विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के.के. शास्त्री ने सोमवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता कर इसकी घोषणा की। कन्हैया कुमार ने कहा कि नीट पर्चा लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए और पेपर लीक माफिया से उनके कथित संबंधों की जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व्यवस्था को 'आईसीयू' में पहुंचा दिया है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशभर के छात्रों से मिल रहे हैं और उनकी बात सुन रहे हैं ताकि शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाया जा सके। कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस की तीन प्रमुख मांगें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और पेपर लीक माफिया से उनके संबंधों की जांच, शिक्षा व्यवस्था में बदलाव जिसके लिए यूपीए सरकार ने कमेटी बनाई थी लेकिन एनडीए सरकार ने मनमाने तरीके से एनटीए का गठन कर दिया और युवाओं के लिए नियमित जॉब कैलेंडर तथा परीक्षा भर्ती प्रक्रियाओं के लिए एक अकादमिक कैलेंडर जारी किया जाए।

## वेंस के दावे को नेतन्याहू ने किया खारिज बोले- भारत भी खास दोस्त

एजेंसी। तेलअवीव



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस बयान को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि दुनिया में इजरायल का सबसे बड़ा और लगभग एकमात्र मजबूत सहयोगी केवल अमेरिका है। नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि इजरायल के संबंध केवल अमेरिका तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारत सहित कई अन्य देशों के साथ भी उसके मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते हैं। एक अमेरिकी टीवी कार्यक्रम में बातचीत के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल को भारत जैसे बड़े लोकतंत्र से भी महत्वपूर्ण समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत में करीब 1.4 अरब लोग रहते हैं और वहां से इजरायल को व्यापक स्तर पर सहयोग और समर्थन प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल के कई मित्र देश हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में उसके साथ सहयोग कर रहे हैं। नेतन्याहू ने यह दावा भी खारिज किया कि इजरायल के पास अन्य कोई प्रभावशाली साझेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई देशों के साथ इजरायल के मजबूत संबंध हैं, चाहे वह तकनीकी सहयोग हो या रक्षा क्षेत्र में साझेदारी। उन्होंने विशेष रूप से इजरायल की साइबर सुरक्षा और उन्नत तकनीक का उल्लेख करते हुए कहा कि कई देश इजरायल की विशेषज्ञता का लाभ लेना चाहते हैं।

## बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम शाहजाद भट्टी नेटवर्क के 6 गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनमें एक मॉड्यूल दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना पर पेट्रोल बम से हमला करने की साजिश रच रहा था, जबकि दूसरा मॉड्यूल पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने दिल्ली, उत्त प्रदेश और पंजाब से जुड़े छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो कारें, एक चोरी की बाइक, मोबाइल फोन और पाकिस्तानी हैंडलरों से हुई बातचीत के डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह कार्रवाई स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज (एनडीआर) की टीम ने की। पूरी कार्रवाई डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी की निगरानी में एसीपी विवेक कुमार त्यागी तथा इंस्पेक्टर सुनील रजैन और इंस्पेक्टर धीरज की टीम ने अंजाम दी। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत स्पेशल सेल थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में सामने आया कि पहला मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैंडलर राना हुनैन के इशारे पर काम कर रहा था। राना हुनैन, शाहजाद भट्टी का करीबी सहयोगी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक मॉड्यूल का मकसद दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना की रेकी कर पेट्रोल बम से हमला करना था। स्पेशल सेल ने विजय घाट इलाके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, 2,000 रुपये नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल और ऐसे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं जिनमें पाकिस्तानी हैंडलरों के साथ चैट, फोटो और वीडियो मिले हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी 24 वर्षीय दानिश उर्फ चांद मियां और 20 वर्षीय सलमान के रूप में हुई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श विकसित भारत की राह को कर रहे आलोकित : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भारत के सबसे विलक्षण राष्ट्रनिर्माताओं में से एक थे, जिनका संपूर्ण जीवन विद्वता, साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में डॉ. मुखर्जी का दूरदर्शी चिंतन आज भी देश का मार्गदर्शन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर लिखा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता, गरिमा और प्रगति के लिए अपना जीवन समर्पित किया। वे एक उत्कृष्ट चिंतक और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने नवाचार तथा भविष्य उन्मुख शिक्षा का समर्थन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग मंत्री के रूप में उन्होंने औद्योगिक आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी और साथ ही पारंपरिक उद्योगों एवं आजीविका के संरक्षण पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल अकाल के दौरान डॉ. मुखर्जी द्वारा किए गए मानवीय प्रयास उनकी संवेदनशीलता और करुणा के परिचायक थे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनका अडिग संकल्प सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## श्रीलंका की नेगोम्बो जेल में हिंसक झड़प 25 की मौत और 100 से अधिक घायल

**कोलंबो**। श्रीलंका की नेगोम्बो जेल में कैदियों और जेल सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने गोलीबारी की और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए। घटना के बाद पूरे जेल परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा हिंसा के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि मृतकों में पांच जेल अधिकारी और 20 कैदी शामिल हैं। घायलों को कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल के अलावा आसपास के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रिपोर्टों के अनुसार, श्रीलंका के पश्चिमी तट पर स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को शुरू हुआ विवाद सोमवार को फिर हिंसक हो गया। कैदियों और जेल अधिकारियों के बीच टकराव बढ़ने के बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, जिसके चलते पुलिस को गोलीबारी करनी पड़ी। हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया, जबकि सेना को भी सहायता के लिए तैयार रखा गया। हिंसा की शुरुआत रविवार दोपहर करीब एक बजे रिमांड पर बंद कैदियों और सजा काट रहे कैदियों के बीच हुए विवाद से हुई थी। उस समय हुई झड़प में दो कैदियों की मौत हो गई थी और 38 अन्य घायल हुए थे।

## एलओसी पर मंडराता नजर आया पाक ड्रोन भारतीय सेना ने चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी। जम्मू


**एहतियात के तौर पर सीमा से सटे अन्य सेक्टरों में भी निगरानी को दोगुना किया**



जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के लिए पाकिस्तानी साजिशें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार तड़के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे अग्रिम इलाकों में एक बार फिर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की हलचल देखी गई। ड्रोन की इस संदिग्ध गतिविधि के बाद भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर एक बड़े स्तर पर तलाशी अभियान की शुरुआत की है। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक यह घटना रविवार देर रात की है, जिसके बाद सोमवार सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने चप्पे-चप्पे को खंगालना शुरू कर दिया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक रविवार और सोमवार की दरमियानी रात राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर के अग्रिम गांवों मीनका और बेरीपट्टन के आसमान में एक उड़ती हुई संदिग्ध वस्तु देखी गई। यह वस्तु हूबहू एक सैन्य या जासूसी ड्रोन जैसी लग रही थी। एलओसी के बिल्कुल करीब स्थित इन गांवों के ऊपर यह ड्रोन कुछ समय तक मंडराता रहा। भारतीय सीमा में घुसपैठ करने के कुछ ही मिनटों बाद यह संदिग्ध ड्रोन वापस पाकिस्तान की सीमा की ओर लौट गया। सीमा पर तैनात सतर्क जवानों ने जैसे ही इसकी भिनभिनाहट सुनी और रोशनी देखी, तुरंत पूरे सुरक्षा तंत्र को हाई अलर्ट पर डाल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन के वापस लौट जाने के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने बिना वक्त गंवाए मीनका और बेरीपट्टन समेत आसपास के पूरे जंगली और मैदानी इलाके की घेराबंदी कर दी। सोमवार सुबह पहली किरण के साथ ही सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। आमतौर पर सीमा पार से आने वाले इन ड्रोनों का इस्तेमाल पाकिस्तान में बैठे आतंकी आका दो मुख्य मकसदों के लिए करते हैं।

## स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट महेन्द्रगिरी समुद्री बेड़े में शामिल होने को तैयार, भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ेगी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में एक और एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट महेन्द्रगिरी शामिल होने के लिए तैयार है। विशाखापत्तनम में 11 जुलाई को महेन्द्रगिरी को ऐसे समय में शामिल किया जाएगा, जब भारत के पूर्वी समुद्री तट का रणनीतिक और समुद्री महत्व लगातार बढ़ रहा है। महेन्द्रगिरी के नौसेना में शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमता और ऑपरेशनल पहुंच में काफी बढ़ोतरी होगी। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने कहा कि प्रोजेक्ट 17ए वर्ग का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट 'महेन्द्रगिरी' केवल एक जहाज नहीं है, बल्कि यह 'मेक इन इंडिया' की भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्ड की इंजीनियरिंग क्षमताओं का 6,670 टन का अवतार है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में इन-हाउस डिजाइन और मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित यह फ्रिगेट पहले के डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ी की छलांग है। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ यह जहाज घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को उजागर करता है, जो अब 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में फैला हुआ है। संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्र से संचालित महेन्द्रगिरी को 'उच्च गति-उच्च धीरज' बहुमुखी प्रतिभा और बहुआयामी समुद्री संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। जहाज का हथियार सूट विश्वस्तरीय है, जिसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्धक सूट है। इन प्रणालियों को अत्याधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से मूल रूप से एकीकृत किया गया है, जिससे चालक दल सटीकता के साथ खतरों का जवाब दे सकता है। स्टेल्थ फ्रिगेट का लचीला मिशन प्रोफाइल इसे उच्च-तीव्रता वाले मुकाबले से लेकर मानवीय सहायता और आपदा राहत तक के लिए आदर्श बनाता है। कैप्टन मधवाल ने कहा कि हमारी नौसेना चाहे फारस की खाड़ी हो या मलक्का स्ट्रेट, हिंद महासागर में लगातार अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह निकासी ऑपरेशन हो या मानवीय सहायता देना हो, हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों का परिचय-पत्र स्वीकार किया



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों से उनके परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने मोजाम्बिक के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ की राजदूत नदेस्का इमारा कथबर्ट कार्लसन, सूरीनाम की राजदूत हनीशा जयराम, गैबोनीज के उच्चायुक्त ऑरेलियन-मार्सेल मिंट्सा न्गुएमा, मंगोलिया के राजदूत डॉ. उल्जीत लुव्सानजाव तथा बहामास के उच्चायुक्त पीटर निकोलस साइमोनेट से उनके परिचय-पत्र स्वीकार किए। प्ररिचय-पत्र प्रस्तुत करने की यह औपचारिक प्रक्रिया भारत और संबंधित देशों के बीच राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने तथा नवनियुक्त राजनयिकों को भारत में आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभालने की मान्यता प्रदान करती है।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने बेंगलुरु के खदान में सात मजदूरों की मौत मामले का लिया संज्ञान

**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक खदान में एक विशाल ग्रेनाइट चट्टान गिरने से सात प्रवासी मजदूरों की मौत और पांच अन्य के घायल होने की खबरों का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। खबरों के मुताबिक दो जुलाई को घटना स्थल पर दो स्टोन क्रशर मशीनें चल रही थीं। उसी दौरान एक विशाल ग्रेनाइट चट्टान गिरने से सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के समय कम से कम 16 मजदूर खदान स्थल पर मौजूद थे। इस घटना से खदान मालिक की लापरवाही का संकेत मिलता है। फिलहाल, घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### नवजात शिशु की मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग ने हरियाणा सरकार से रिपोर्ट तलब की

**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के हिसार और रोहतक जिलों के तीन अस्पतालों में 24 घंटे तक वेंटिलेटर सहायता न मिलने के कारण नवजात शिशु की मृत्यु की खबरों का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। प्रकाशित खबरों के अनुसार शिशु का जन्म गत् एक जुलाई को हिसार के सिविल अस्पताल में ऑपरेशन द्वारा हुआ था और उसे तत्काल वेंटिलेटर की आवश्यकता थी। उसकी मां सिविल अस्पताल में भर्ती रही जबकि डॉक्टरों ने नवजात शिशु को पहले हिसार जिले के अग्रोहा स्थित मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित कर दिया। सिविल अस्पताल द्वारा अग्रोहा में भी वेंटिलेटर उपलब्ध न होने की पुष्टि के बाद शिशु को रोहतक के पीजीआईएमएस रेफर किया गया। यहां भी वेंटिलेटर न मिलने पर बच्चे को वापस हिसार लाया गया और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान

**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान होगा। तीनों सीटें तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्यों के इस्तीफे के चलते रिक्त हुई हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को तीनों सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। चुनाव आयोग के अनुसार मंगलवार को इन सीटों के लिए अधिसूचना जारी होगी और 14 जुलाई तक नामांकन किया जा सकता है। 24 जुलाई को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना होगी। पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने क्रमशः 8, 10 और 11 जून को इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनका कार्यकाल 2029 तक था। इन नेताओं ने उच्च सदन के साथ अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस भी छोड़ दी थी। उल्लेखनीय की पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से तृणमूल कांग्रेस के बहुत से नेता पार्टी छोड़ रहे हैं।

### करूर भगदड़ केस में गवाहों को प्रभावित करने के मामले पर 7 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की 2025 में रैली के दौरान करूर में हुई भगदड़ केस में गवाहों को प्रभावित करने के मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सोमवार को वरिष्ठ वकील हुफैजा अहमदी ने जस्टिस अहासानुद्दीन अमानुल्लाह की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने कल यानि 7 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम (डीएमके) नेता आरएस भारती ने दायर याचिका में कहा है कि उच्चतम न्यायालय ने 13 अक्टूबर, 2025 को करुर भगदड़ की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। अब इस मामले के कुछ आरोपित गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। ये आरोपित वर्तमान राज्य सरकार में मंत्री हैं। विजय की रैली के दौरान 27 सितंबर, 2025 को करुर में भगदड़ हो गई थी।

### शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, दिल्ली व पंजाब से छह गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनमें एक आतंकी मॉड्यूल और दूसरा अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा मॉड्यूल है। इस कार्रवाई में दिल्ली और पंजाब से कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज (एनडीआर) ने संयुक्त अभियान चलाकर इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया। आरोपितों के कब्जे से कई पिस्टल और पेट्रोल बम बरामद किए गए हैं। शुरुआती जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद हथियार और विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था तथा नेटवर्क के तार किन-किन राज्यों और संगठनों से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# दिल्ली में कथित स्वास्थ घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी ने एलएनजेपी अस्पताल के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सोमवार को राजधानी के लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के बाहर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में 650 करोड़ रुपये के कथित दवा घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में आआपा के बुराड़ी से विधायक एवं प्रवक्ता संजीव झा और विधायक कुलदीप कुमार भी उपस्थित रहें।प्रदर्शन के दौरान सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि 650 करोड़ रुपये का घोटाला हो गया और सारे घोटाले का




असली गुनहगार राजीव रंगीला है वही सारे घोटाले का मास्टरमाइंड है जिसे एक महीने पहले एसीबी ने भगा दिया और उसके जगह पर अब छोटे–मोटे लोगों को गिरफ्तार करके खानापूर्ति कर रही है सरकार।दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आआपा के नेता लगातार पत्रकार वार्ता कर रहे है और राजीव रंगीला की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि आखिर 650 करोड़ रुपये के घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? सौरभ भारद्वाज ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति पर सवाल उठाया कि सरकार ने सारे नियमों को दरकिनार कर के इस पद पर डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति की। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर के डॉ. वत्सला अग्रवाल को सारे काम दिए गए। उन्होंने पूछा कि क्या डॉ. वत्सला अग्रवाल को डीजीएचएस के पद पर नियुक्त किया गया था तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार नहीं थी?भारद्वाज ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले सरकारी अस्पताल जरूरत के हिसाब से दवाएं खरीदती थी लेकिन बाद में सारे नियम बदल दिए गए और कहा कि कोई भी अस्पताल खरीदारी नहीं करेगा, और सारी खरीद-फरोख्त वत्सला अग्रवाल की सीपीए संभालेगी।आआपा के बुराड़ी विधायक संजीव झा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 650 करोड़ रुपये के कथित दवा घोटाले को सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ दवाओं मे बहुत ज्यादा घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि एसीबी का कहना है कि यह घोटाला 650 करोड़ रुपये का है। एसीबी के मुताबिक, कागज़ों पर 400 करोड़ रुपये की खरीद दिखाई गई, जबकि असल में सिर्फ़ 100 करोड़ रुपये की दवाइयां खरीदी गईं और 300 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया।संजीव झा ने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं। बिस्तर फटे हुए हैं और मरीजों को जगह नहीं मिल रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि एसीबी ने एफआईआर दर्ज की है, तो कॉन्ट्रैक्टर कहां है? कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ़्तार क्यों नहीं किया गया?आआपा ने पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने, कथित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा दवा खरीद प्रक्रिया में हुई सभी कथित अनियमितताओं की जांच सार्वजनिक करने की मांग की।

## दिल्ली दौरे पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से की अहम बैठकें

**राजस्थान से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर हुई उच्चस्तरीय चर्चा**

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली, 6 जुलाई 2026।** राजस्थान के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को नई दिल्ली दौरे के दौरान भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बैठकें कीं। मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री के सलाहकार श्री तरुण कपूर से भेंट कर एचपीसीएल राजस्थान रिफायनरी लिमिटेड (एच. आर. आर. एल.) के कार्यों की प्रगति और आगामी रोड मैप में पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान श्री वी. श्रीनिवास ने कर्तव्य भवन में भारत सरकार के रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट कर रक्षा एवं समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके पश्चात उन्होंने सेवा तीर्थ में सचिव (समन्वय) डॉ. मनोज गोविल से मुलाकात कर राजस्थान में डिरेग्यूलेशन एवं कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-2 के अंतर्गत हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक दौरान यह संतोष व्यक्त किया गया कि राजस्थान में उक्त पहल के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश देश के




अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्य सचिव ने वित्त मंत्रालय में व्यय विभाग के सचिव श्री वोलनुम वुमलुनमंग से भेंट कर केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न मदों की समयबद्ध स्वीकृतियों तथा राजस्थान में योजनाओं के व्यय की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की।

## टीएमसी के ममता के नेतृत्व वाले धड़े ने की चुनाव आयोग से मुलाकात

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस का धड़ा सोमवार को चुनाव आयोग से मिला और बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से किए गए दावों का जबाव दिया। तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का कार्यकाल पांच साल का होता है और यह 2027 तक चलेगा। ऋतब्रत ने दावा किया था कि कार्यकाल 3 वर्ष का होता है और यह 2025 में समाप्त हो चुका है।ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सांसद कल्याण बनर्जी, महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष शामिल थीं। वर्तमान में ममता और ऋतब्रत के नेतृत्व वाले धड़े के बीच असली तृणमूल होने का संघर्ष चल रहा है। दोनों ही धड़े अपने-अपने आधारों पर दावा कर रहे हैं।आयोग से मुलाकात का बाद कल्याण बेनर्जी ने कहा, "चुनाव आयोग द्वारा कथित तृणमूल सचिव ऋतुब्रत बनर्जी के एक अभ्यावेदन के आधार पर मांगे गए जवाब को दाखिल कर दिया है। हमने उस पर विस्तृत जवाब दिया है।" उन्होंने बताया कि ऋतब्रत का रुख था कि तृणमूल की कार्यकारी



समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का कार्यकाल केवल तीन वर्ष का होता है। इसलिए 2022 में अंतिम तृणमूल समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का गठन हुआ था और इसका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो गया। बनर्जी ने आगे बताया कि पार्टी के संविधान में बदलाव कर इसे पांच वर्ष का कर दिया गया था। इसकी सूचना चुनाव आयोग को दी गई थी और उसके बाद चुनाव आयोग ने भी निर्देश दिया है कि जब भी चुनाव होने हों, वे पांच वर्षों के भीतर ही हों। पिछला चुनाव 2022 में हुआ था। इसलिए तृणमूल और उसकी राष्ट्रीय कार्य समिति का कार्यकाल स्वतः ही पांच वर्ष का ही रहता है। यह 2027 में समाप्त हो जाएगा।

## कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने देशभर में आंतरिक चुनाव कराने की घोषणा की

**पहले चरण में कॉलेज और विश्वविद्यालय अध्यक्षों के चुनाव होंगे, दूसरे चरण में जिला और राज्य स्तर पर चुनाव होंगे**

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने देशभर में संगठनात्मक ढांचे को लोकतांत्रिक आधार पर मजबूत करने के लिए आंतरिक चुनाव कराने की घोषणा की है। एनएसयूआई में आंतरिक चुनाव कराने के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण का गठन किया है, जिसकी देखरेख में पूरे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित होंगे। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बताया कि अब कॉलेज, विश्वविद्यालय से लेकर जिला और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों एवं समितियों का चयन आंतरिक चुनाव के दो चरणों में होगा। पहले चरण में कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यक्षों और समितियों का चुनाव कराया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में जिला और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों तथा समितियों का गठन होगा। इस दौरान केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के सदस्य किरण



मुगबासाव, के.के. शास्त्री और निशांत मंडल भी मौजूद थे। सदस्यता और चुनाव लड़ने के लिए भारतीय नागरिक व भारत के संविधान में आस्था रखने वाला 16 से 27 वर्ष के बीच आयु का छात्र होना चाहिए। सदस्यता लेने के लिए छात्र के पास कॉलेज आईडी और आधार कार्ड होना अनिवार्य है। तीन साल के लिए 45 रुपये सदस्यता शुल्क तय किया गया है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऐप आधारित होगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जिला व प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाला व्यक्ति पहले कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यक्ष होना चाहिए।

## JIH उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान ने उमर खालिद और शरजील इमाम की निरंतर कैद पर गहरी चिंता व्यक्त की, UAPA के तहत जमानत के मुद्दों के शीघ्र निपटारे की मांग की

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद (JIH) के उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान ने दिल्ली की एक निचली अदालत द्वारा शरजील इमाम और उमर खालिद की नई जमानत अर्जियां खारिज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मीडिया को जारी प्रेस वक्तव्य में मलिक मोतसिम खान ने कहा, "हम दिल्ली की एक निचली अदालत द्वारा शरजील इमाम और उमर



खालिद की नई जमानत अर्जियां खारिज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। लगभग छह वर्षों तक पूर्ण मुकदमा शुरू हुए बिना उनकी निरंतर कैद गंभीर संवैधानिक चिंताएं पैदा करती है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार में त्वरित सुनवाई का अधिकार भी शामिल है। इस तरह की लंबी मुकदमा-पूर्व हिरासत ने कानूनी प्रक्रिया को ही सजा में बदल दिया है, जिससे इस बुनियादी संवैधानिक गारंटी को कमजोर किया गया है।

### उपराज्यपाल ने पोस्को एक्ट के सभी मामलों पर तुरंत कार्रवाई का दिया निर्देश

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पोस्को एक्ट के तहत दर्ज सभी मामलों में संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल के साथ त्वरित और पूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित उपायों को न केवल 'बाल संरक्षण माह' के दौरान, बल्कि हमेशा प्राथमिकता के तौर पर लागू किया जाए।दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को 'बाल संरक्षण माह' के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही पहलों और अभियानों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों मौजूद रहे। यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की गई है। बैठक में उपराज्यपाल ने पहले पहली बार अपराध करने वाले किशोरों की काउंसलिंग और पुनर्वास पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें सुधरने और समाज की मुख्यधारा में लौटने का मौका मिला चाहिए। उन्होंने हर बच्चे की सुरक्षा की पहली कड़ी के तौर पर माता-पिता और शिक्षकों की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने हर बच्चे की सुरक्षा, सम्मान और भलाई के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्रांक:- 559 / जलकल वि0/2026-27

**अति अल्पकालीन ई निविदा सूचना**

दिनांक:- 04.07.2026

इच्छुक संस्था/फर्म/ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद सम्भल के जलकल विभाग में निम्न कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 14.07.202.6 को 02:00 PM बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र0सं0 | नगर पालिका/NPP STAGE | ठेकेदार / VENDOR STAGE | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 06.07.2026 4 PM | |
| 2. | | Tender Download | 06.07.2026 4 PM | |
| 3. | | BID Submission | 06.07.2026 4 PM | |
| 4. | Close for BID | | | 14.07.2026 2 PM |
| 5. | BID Opening | | | 14.07.2026 3 PM |

वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति-5ः बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी



**लोकतंत्र की शान : सम्भल/सिरसी** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम की उप निरीक्षक रश्मी मलिक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन सेवाओं तथा पुलिस की विभिन्न सहायता व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। साइबर जागरूकता अभियान के तहत उप निरीक्षक ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बरतकर अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। सम्मेलन के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने जागरूकता कार्यक्रम में रुचि लेकर विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने महिलाओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस हेल्पलाइन का उपयोग करने का आह्वान किया। थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति-5 के तहत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

### नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ डॉ. मुखर्जी ने किया था शंखनादः मुख्यमंत्री

**लोकतंत्र की शान : लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद-370 के खिलाफ नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की वह नीति, जो देश की एकता और अखंडता को चुनौती दे रही थी, डॉ. मुखर्जी ने उसके खिलाफ शंखनाद किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने 2019 में कश्मीर में अनुच्छेद-370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया और कश्मीर में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 125वीं जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने सिविल अस्पताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन भी किया।



**पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है तो उसमें डॉ. मुखर्जी की भूमिका अहम**-मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के आंदोलन में प्रमुखता से जुड़े। बंगाल को जब पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की चालें चली जा रही थीं, तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी इसके खिलाफ खड़े हुए। आज का पश्चिम बंगाल यदि भारत का हिस्सा है तो इसमें जिन महान नेताओं ने खुद को समर्पित कर आंदोलन का हिस्सा बनाया और इसके खिलाफ आवाज बुलंद की, उसमें डॉ. मुखर्जी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के मंत्री के रूप में खाद्य नीति व उद्योग नीति को प्रमुखता से लागू किया।

### इंटरनेट ठप होने से जिला अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था प्रभावित, घंटों लाइन में खड़े रहे मरीज

**लोकतंत्र की शान : मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा , रामपुर।** उत्तर प्रदेश/ रामपुर। जिला अस्पताल में सोमवार सुबह इंटरनेट सेवा बाधित होने से ओपीडी पंजीकरण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। इंटरनेट न चलने के कारण मरीजों का समय पर पंजीकरण नहीं हो सका, जिससे अस्पताल के पंजीकरण काउंटरों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। मरीजों को करीब दो घंटे तक लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मरीजों ने बताया कि वे सुबह 8 बजे से अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण पंजीकरण शुरू नहीं हो सका। अज्जीम नगर निवासी प्रेमपाल सहित कई मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्था में सुधार और स्पष्ट जानकारी देने की मांग की। सहाना, राशिद व अन्य मरीजों ने कहा कि पंजीकरण की धीमी प्रक्रिया और बढ़ती भीड़ के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी पर राष्ट्र सेवी संगठन का प्रदर्शन, सख्त कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की शान, सतीश चंद्र




**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से अभद्र टिप्पणी किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं ने अतरासी अड्डे पर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की और कहा कि देश के प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है। संगठन का आरोप है कि वायरल वीडियो में मौजूद अन्य लोग भी युवक को कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करने के लिए उकसा रहे थे। साथ ही सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की गई। कृष्ण कुमार शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वीडियो में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान की जाए और उनके विरुद्ध प्रचलित कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होने से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगेगी। इस मौके पर राजू चौहान, मोनू चौहान, राजू सैनी, साबिर अली, त्रिलोक सिंह जाटव, पवन कश्यप, सागर भाटी, महेंद्र सिंह राणा, उमेश सैनी, मोहम्मद हसन सहित संगठन के आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं पर सख्त रुख, लापरवाह अधिकारियों से मांगा जवाब



लोकतंत्र की शान सतीश चंद्र

**हसनपुर :** तहसील हसनपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा के भीतर होना चाहिए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवादों और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई करने को कहा । जिलाधिकारी ने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले 10 अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को त्वरित न्याय और राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए सौंपते हुए नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, वन रेंजर नरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## रामपुर आज नगर मण्डल मिलक के नगर पालिका परिषद सभागार में भाजपा मंडल बैठक संपन्न, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की शान,मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा




**रामपुर। मिलक। उत्तर प्रदेश/ रामपुर** तहसील मिलक में नगर पालिका परिषद के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री श्री अर्जुन रस्तोगी जी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती ममता अत्रि जी, विजयपाल राजपूत नगर मण्डल महामंत्री भाजपा जिला मंत्री प्रदीप जाटव, प्रभारी जी के साथ पधारे श्री विक्रम सिंह जी, मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासदगण उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। बैठक के दौरान संगठन के वर्तमान कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान नन्हे राम पाण्डेय, डॉ रामबाहादुर गंगवार, शांति स्वरूप, चंद्रभान मित्तल, संईया सक्सेना, संजय रस्तोगी, तरूण सागर, भूकन सरन, नेमचंद्र प्रजापति, महावीर मौर्य, दीपा रस्तोगी, नरेंद्र गोस्वामी, भूपराम जी विनोद सक्सेना, अवधेश सक्सेना, सोनू, एडवोकेट बसंत, आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहें

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**सम्भल।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सम्भल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकतर मामलों का समाधान निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने की। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद वन महोत्सव-2026 के अंतर्गत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उपजिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे

## 176वें उर्स-ए-क़ादरी में फरमान हसन खान 'फरमान मियां' को मिला 'वक़ार-ए-मिल्लत' का प्रतिष्ठित खिताब

» समाजसेवा और इंसानियत के संदेश को मिली नई पहचान

» रामपुर के खेड़ा शरीफ में आयोजित आध्यात्मिक आयोजन में उलेमा-ए-किराम ने किया सम्मानित, दरगाह आला हजरत से जुड़ी रूहानी परंपरा को मिला नया गौरव

लोकतंत्र की शान



**(बरेली/ | उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा)** बरेली की रूहानी सरज़मीं दरगाह आला हजरत से जुड़े समाजसेवी फरमान हसन खान 'फरमान मियां' को उनकी सामाजिक, धार्मिक और मानवीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित "वक़ार-ए-मिल्लत" की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रामपुर जनपद के बिलासपुर क्षेत्र स्थित खेड़ा शरीफ में आयोजित 176वें उर्स-ए-क़ादरी जीलानिया के अवसर पर प्रदान किया गया। इस सम्मान को क्षेत्र की सामाजिक और आध्यात्मिक दुनिया में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ख़ानक़ाह आलिया क़ादरिया जीलानिया में आयोजित इस गरिमामयी समारोह की सरपरस्ती सज्जादानशीन सैयद मोहम्मद अहमद उर्फ़ मुन्ने मियां क़ादरी ने की। कार्यक्रम में देशभर से आए उलेमा-ए-किराम, सूफ़ी संतों, सज्जादानशीनों और अकीदतमंदों की मौजूदगी ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। सम्मान समारोह के दौरान सैयद गयासुद्दीन क़ादरी 'गयास-ए-मिल्लत', सज्जादानशीन ख़ानक़ाह अहमदिया कालपी शरीफ ने अपने कर-कमलों से फरमान हसन खान को सम्मान-पत्र और "वक़ार-ए-मिल्लत" की उपाधि भेंट की। इस दौरान उपस्थित उलेमा ने कहा कि समाज में अमन, भाईचारे, इंसानियत और सेवा की भावना को मजबूत करने में फरमान मियां का योगदान उल्लेखनीय रहा है और इसी कारण उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया।

**उलेमा बोले— समाज के लिए प्रेरणा हैं फरमान मियां-**

समारोह में सैयद शाह हसनैन बक़ाई क़ादरी साफ़वी, नायब सज्जादानशीन ख़ानक़ाह आलिया बक़ाइया सफीपुर शरीफ, सैयद मोहम्मद फ़रमान कादरी सहित कई प्रमुख धार्मिक विद्वानों ने फरमान मियां की समाजसेवा की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने हमेशा धार्मिक सौहार्द, सामाजिक एकता और जरूरतमंदों की मदद को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

**सम्मान के बाद फरमान मियां ने जताया आभार**-सम्मान प्राप्त करने के बाद फरमान हसन खान 'फरमान मियां' ने आयोजकों, उलेमा-ए-किराम और ख़ानक़ाह के बुजुर्गों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "यह सम्मान मेरे लिए केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि समाज और इंसानियत की सेवा के प्रति मेरी जिम्मेदारी को और बढ़ाने वाला विश्वास है। मैं भविष्य में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मानव सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहूंगा।"

## नर सेवा को नारायण सेवा मानकर 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हित के लिए कार्य कर रही सरकारः मुख्यमंत्री

लोकतंत्र की शान

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक फरियादी से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि हमारी सरकार 'नर सेवा को नारायण सेवा' मानकर 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हित के लिए कार्य कर रही है। 'जनता दर्शन' के दौरान मुख्यमंत्री खुद फरियादियों तक पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए। इस अवसर पर सीएम ने लोगों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं।



## रामपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा ज्ञापन

लोकतंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा



**रामपुर /उत्तर प्रदेश/ रामपुर/**उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय कॉलोनी से प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ कलेक्ट्रेट में जाकर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम जी को एक अनुरोध पत्र सौंपा इस पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पी पी ई मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज संचालन हेतु 100 बीघा भूमि ग्राम जगतपुर व ग्राम बेनजीर की अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है कॉलेज स्वीकृत हो चुका है लेकिन भूमि अधिग्रहण कार्यवाही पूर्ण न होने से मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो पा रहा है मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से जनपद रामपुर के समस्त व्यापारी व आम जनता समय से बेहतर इलाज न मिल पाने से तड़प रहे हैं इलाज ट्रीटमेंट के नाम पर जनता को मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं इस पूरी भूमि की हस्तानांतरण कार्यवाही में हो रही देरी की पूर्ण जिम्मेदारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार जनपद रामपुर की है क्योंकि उपरोक्त हस्तांतरण के संबंध में पूर्व में भी अनेकों बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रीमान अपर प्रभारी अधिकारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार को कार्यवाही प्रेषित की जा चुकी है भूमि हस्तानांतरण में देरी का खामयाजा रामपुर जनपद की जनता भुगत रही है जबकि व्यापार मंडल द्वारा लंबे प्रयास उपरांत स्वीकृत कराई गई एमआरआई मशीन संचालक भी जिला चिकित्सालय में शुरू किया जाना अति आवश्यक है जनपद में डॉक्टरों की भारी कमी है जैसे हार्ड, लिवर, किडनी, न्यूरो ,आंख नाक कान गला, जनरल फिजिशियन आदि डॉक्टरों की सख्त आवश्यकता है इन महत्वपूर्ण रोगों के डॉक्टर ना होने से जनता को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है इस अवसर पर विक्की मियां युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, पुलकित अग्रवाल युवा नगर अध्यक्ष, गोपाल शर्मा प्रचार मंत्री ,कन्हैया लाल पटवा, राजीव सैनी, नासिर लाला ,इमरान खान, शाहिद खुसरो, रमेश सैनी, अलीम खान, हरिओम सैनी, नजाकत अली,आमिर भाई, विजय अग्रवाल आदि सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारीव व्यापारी मौजूद रहे

## बहाली की आस या हाईकोर्ट की राह? विभागीय जांच में पेश हुए पूर्व PCS अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री, बोले-"अपने फैसले पर आज भी कायम हूं"

» सरकारी सेवा से निलंबन, नई राजनीतिक पारी और राम मंदिर निर्माण पर लगाए गंभीर आरोप; कहा- न्याय नहीं मिला तो हाईकोर्ट जाएंगे

लोकतंत्र की शान



**(बरेली| उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा)** उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय सिविल सेवा (PCS) अधिकारी एवं राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री एक बार फिर चर्चा में हैं। सोमवार को वह विभागीय जांच के सिलसिले में लखनऊ स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जांच अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्होंने आरोप पत्र का विस्तृत लिखित जवाब पहले ही विभाग को सौंप दिया है और वही उनका अधिकृत पक्ष है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें विभागीय जांच रिपोर्ट और शासन के अंतिम निर्णय का इंतजार है। यदि सरकार उनकी बहाली नहीं करती या उनके पक्ष को स्वीकार नहीं करती, तो वह न्याय के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

**"न्याय नहीं मिला तो अदालत में लड़ाई लड़ूंगा"**-अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि वह अपने संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर कानूनी विकल्प अपनाएंगे। उनका कहना था कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और यदि शासन स्तर पर राहत नहीं मिली तो हाईकोर्ट में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद जो भी निर्णय आएगा, उसके अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**26 जनवरी को दिया इस्तीफा, फिर हुए निलंबित**-अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि उन्होंने 26 जनवरी को स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सरकार विरोधी गतिविधियों और प्रदर्शन से जुड़े आरोपों के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। शासन ने पूरे मामले की विभागीय जांच मंडलायुक्त स्तर के अधिकारी को सौंपी है। सोमवार को इसी जांच के तहत वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और जांच अधिकारी के सामने अपना पक्ष रखा।

## संक्षिप्त समाचार

### सहरसा में आज 31 स्थानों पर लगेगा 'सहयोग शिविर', आमजन की शिकायतों का होगा ऑन-द-स्पॉट निपटारा

**लोकतंत्र की शान, सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** आमजन से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निवारण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार, 7 जुलाई 2026 को जिले के विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित 31 स्थलों पर विशेष 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का संचालन जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का मौके पर निष्पादन करते हुए पात्र आवेदकों को निष्पादन संबंधी प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर नागरिकों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन ने सहयोग शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिविर स्थलों पर आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ।

### जमीन विवाद में खूनी झड़प, महिला समेत 4 घायल, लाठी-डंडों से हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

**लोकतंत्र की शान, हाजीपुर।** वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के कृष्णवारा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस संघर्ष का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, यह झड़प पांचू चौधरी और दूसरे पक्ष के बीच हुई। हमले में पांचू चौधरी के पक्ष से दो महिलाओं समेत कुल चार लोग लाठी-डंडों से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए पातेपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, घायलों में पांचू चौधरी की 32 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके सिर और शरीर पर लाठी-डंडों से गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया है।

### दुबई से आए पति ने पत्नी का काटा गला, पहले गहने पहनाए फिर धारदार हथियार से हमला किया

**लोकतंत्र की शान, मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। मृत महिला की पहचान रेंकू देवी (26) के रूप में हुई है। आरोपी पति मनोज दुबई में रहकर काम करता था। रविवार को वो दुबई से अपने ससुराल पहुंचा था। हत्या से पहले उसने पत्नी को गहने पहनने को कहा। उसके बाद धारदार हथियार से उसका गला रेतकर मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद मनोज कमरे की खिड़की तोड़कर भाग निकला। घटना साहेबगंज के राजेपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव की है। मनोज दुबई में रहकर काम करता था। उसकी रिंकू से 7 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद मनोज और रिंकू को 2 बच्चे भी हुए। रिंकू की बहन की 26 जुलाई को शादी होनी वाली है। मनोज अपनी साली की शादी में शामिल होने दुबई से मुजफ्फरपुर आया था। घर वालों का कहना है कि कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच काफी विवाद चल रहा था। मृतका की मां मीना देवी ने बताया, साली की शादी में शामिल होने मनोज ससुराल आया था। उसने मेरी बेटी से पूछा था कि शादी में पहनने के लिए सारे गहने लेकर आई हो। इस पर बेटी ने कहा था कि छोटी बहन की शादी है इसलिए सारे गहने लेकर आई हूं। उसके बाद मनोज ने कहा कि अब मैं दुबई नहीं जाऊंगा। घर पर ही काम करूंगा। मनोज कुमार और बेटी रिंकू देवी के बीच सोमवार अहले सुबह करीब 3 बजे कुछ विवाद हुआ। तेज आवाज आने पर मैं और मेरी छोटी बेटी रिंकू के कमरे में गए। दोनों को समझाकर मामले को शांत करवा दिया। उसके बाद रिंकू के कमरे से दोनों बच्चों के लेकर मैं अपने कमरे में आ गई। सुबह करीब 5 बजे रिंकू का छोटा बच्चा जो 1.5 साल का है वो रोने लगा। मैं बच्चे को लेकर रिंकू के कमरे के पास पहुंची। बेटी को आवाज देकर गेट खोलने को कहा। लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसके बाद मैंने घर वालों को बुलाया। मृतका की मां मीना देवी का कहना है कि दामाद मनोज मेरी बेटी की हत्या करके भाग गया है। इन दोनों के बीच कुछ दिन से विवाद चल रहा था। हत्या की सूचना मिलते ही राजेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल हंसिया बरामद कर लिया गया है। जांच के लिए मौके पर FSL टीम को बुलाया गया है।

### कारोबारी हत्याकांड में 2 की गिरफ्तारी, जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में मर्डर, मंदिर पूजा के लिए पहुंचे थे

**लोकतंत्र की शान, मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में कोरोबारी श्याम कुमार कुशवाहा की हत्या हुई थी। मामले में पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ पूर्वी-1 अलय वत्स ने बताया कि शनिवार सुबह डेरा चौक स्थित मंदिर के पास बाइक सवार बदमाशों ने श्याम कुमार कुशवाहा पर फायरिंग कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के बेटे के बयान पर सिवाईपट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण में उनके नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। मामला सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र का है। अलय वत्स ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की। इसी दौरान सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले अविनाश कुमार और सनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे भी बरामद किए हैं, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अनुसंधान को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसडीपीओ अलय वत्स ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अविनाश कुमार का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ सिवाईपट्टी थाना में लूट, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी जिले के राजेपुर थाना में भी विभिन्न धाराओं के तहत उसके विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ अलय वत्स ने बताया कि जल्द ही इस मामले में फरार सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे कांड का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

### जाले बीडीओ की पत्नी को सीढ़ियों पर घसीटते दिखे ससुरालवाले, परिजन बोले- ऐसे ही पीटा जाता था

**मुजफ्फरपुर।** दरभंगा के जाले प्रखंड के BDO मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की 4 जुलाई को संदिग्ध मौत हुई थी। अमृता की मौत के बाद दो 2 वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग अमृता के साथ मारपीट कर रहे हैं फिर उसे सीढ़ियों से घसीटा जा रहा है। अमृता के घर वालों का दावा है कि ये वीडियो कन्हौली स्थित BDO के घर का है। मायके वालों का दावा है कि सुसराल वाले ऐसे भी पिटाई करते थे। ये वीडियो इस बात का सबूत है कि अमृता को प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों ने यह फुटेज पुलिस को भी सौंपा है। अमृता के साथ मारपीट के दोनों वीडियो एक साल पुराने है। वीडियो 19 मार्च 2025 का बताया जाता है। एक फुटेज करीब 1 मिनट 18 सेकेंड और दूसरा करीब 1 मिनट का है। अमृता के घर वालों का दावा है कि वीडियो में अमृता को ससुर, सास, ननद और देवर मिलकर घर से बाहर खींचते और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

# सहरसा में सड़क सुरक्षा अभियान तेज 70 वाहनों से 2.72 लाख जुर्माना वसूला

**लोकतंत्र की शान, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता**



**सहरसाः** जिला पदाधिकारी श्री दीपेश कुमार के निर्देश पर सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सौर बाजार नगर पंचायत के जीरो माइल प्वाइंट पर विभिन्न प्रकार के वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाण-पत्र, प्रदूषण प्रमाण-पत्र (PUC), बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। वहीं ऑटो रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट एवं अन्य वैध कागजातों का सत्यापन किया गया। इसके अलावा ट्रैक्टर, चारपहिया एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों की भी मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जांच की गई। इस विशेष अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी श्री सुजीत कुमार बरनवाल ने किया। उनके साथ अपर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री जीशान अहमद, मोटरयान निरीक्षक श्री बृजमोहन पटवारी तथा परिवहन विभाग के सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक मौजूद रहे और अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 70 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2,72,000 (दो लाख बहत्तर हजार रुपये) का जुर्माना लगाया गया।

## सहरसा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार, 12 वारंटी दबोचे; देसी कट्टा, कारतूस व कफ सिरप बरामद

**लोकतंत्र की शान**



**सहरसा | मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता, सहरसाः** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहरसा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने एक लूटकांड के आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ-साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों से 12 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक अन्य कार्रवाई में एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 4.5 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप तथा एक चारपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। बनमा ईटहरी थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या-196/2025 के तहत दर्ज लूटकांड में वांछित आरोपी नाजीर हुसैन (पिता- शमशाद, निवासी- रसूलपुर, थाना बनमा ईटहरी) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बोभा मोड़ के समीप छापेमारी कर रोशन कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 4.5 लीटर प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप तथा एक चारपहिया वाहन बरामद किया गया। इस संबंध में सिमरी बख्तियारपुर थाना कांड संख्या-210/2026 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के आलोक में जलई, बलवाहाट, सोनवर्षाराज, महिषी, सौरबाजार, बिहरा एवं बसनही थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 12 वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## 60 वर्षीय दूल्हे से 30 वर्षीय दुल्हन की दूसरी शादी, हंगामा

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पटना के दरियापुर गांव में एक महिला की दूसरी शादी को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक महिला की शादी के 23 दिन बाद घर पर पहले पति के पहुंचने पर जमकर हंगामा हुआ। महिला के पहले पति धनंजय ने 60 वर्षीय व्यक्ति पर अपनी 30 वर्षीय पत्नी को जबरन भगाकर शादी करने का आरोप लगाया। इस घटना के बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और मामले का सुलह कराया गया। 60 वर्षीय लखी तांती और 30 वर्षीय गूंजा देवी ने नोटरी से स्टाम्प पेपर पर शादी कर लिया था। शादी के 23 दिन बाद महिला के पहले पति धनंजय को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद धनंजय कुछ लोगों के साथ दरियापुर स्थित किराये के मकान पर पहुंच गया, जहां दोनों रह रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने के कारण मौके पर तनाव का माहौल बन गया।



सूचना पर एनटीपीसी थाना पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। करीब 40 मिनट बाद मामला शांत हुआ और पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। महिला गूंजा देवी के पहले पति धनंजय ने आरोप लगाया, 'लखी तांती कुछ महीने पहले भी मेरी पत्नी को लेकर भाग गया था। तब किसी तरह अपनी पत्नी को समझा-बुझाकर घर वापस लाया था। धनंजय के मुताबिक, गूंजा देवी 12 जून को अपनी बेटी के साथ बाजार गई थीं, जिसके बाद से वे दोनों गायब थीं। कुछ लोगों ने धनंजय को बताया कि लखी तांती उनकी पत्नी को बाढ़ शहर से चार लोगों के साथ जबरदस्ती ले गया है और दरियापुर में किराए के मकान में रखे हुए है।

# पुलिस पूछताछ के बाद बीमार पड़ी महिला की मौत

**लोकतंत्र की शान , पटना**

- **बाढ़ के पूर्व एसडीपीओ सहित 3 अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप**

पटना जिले के बाढ़ में वर्ष 2025 के चर्चित राजकांत हत्याकांड की जांच से जुड़ी एक महिला की मौत के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। 26 वर्षीय सपना कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस पर मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने तत्कालीन एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक खुशबू कुमारी और एसआई जयप्रकाश ठाकुर को महिला की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। मामले को लेकर रविवार को परिजनों ने शव के साथ एसडीपीओ कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

**पुलिस अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोपः** परिजनों का आरोप है कि सपना कुमारी को वर्ष 2025 में हुई राजकांत हत्याकांड में बार-बार पूछताछ के लिए बुलाया जाता था। बिना किसी लिखित नोटिस के पुलिस कई बार घर पहुंचती थी। पूरे परिवार को हत्या के मामले में नामजद करने



की धमकी देती थी। परिवार का कहना है कि लगातार पूछताछ और मानसिक दबाव के कारण सपना की तबीयत बिगड़ती चली गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने तत्कालीन एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक खुशबू कुमारी और केस के अनुसंधानकर्ता एसआई जयप्रकाश ठाकुर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सपना को जेल भेजने और उसके बच्चों का भविष्य बर्बाद होने की धमकी दी जाती थी।

यह मामला 17 नवंबर 2025 को अकबरपुर गांव निवासी 22 वर्षीय राजकांत की हत्या से जुड़ा है। राजकांत एक मोबाइल दुकान में काम करता था और घटना वाले दिन बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक के परिजनों ने इस मामले में चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में गांव के ही रोहित कुमार और उसके परिवार के साथ राजकांत के विवाद और हत्या की धमकी का भी उल्लेख किया गया था। मृतका सपना कुमारी (26) एक गृहिणी थीं, जिनके पिता औरंगाबाद में थाना में सब-इंस्पेक्टर हैं। पुलिस को जांच के दौरान सपना और राजकांत के बीच फोन पर कई बार बातचीत के कॉल डिटेल मिले थे, जिसके आधार पर पुलिस को शक हुआ था। हालांकि, परिजनों का कहना है कि राजकांत मोबाइल दुकान में काम करता था और सपना ने घटना से पहले उससे एक टैब खरीदा था, जिसके संबंध में उनकी बातचीत होती थी। हत्या से सपना का कोई संबंध नहीं था।

परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद सपना को छह से सात बार एसडीपीओ कार्यालय बुलाकर पूछताछ की गई थी। पहला दिन 14 दिसंबर को ले जाया गया। इस दौरान पुलिस कई बार उसके घर पहुंची और पिता सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार, भाई, बहन समेत परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ किया। सपना से भी एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारियों ने करीब एक घंटे तक पूछताछ किया। उस दौरान वह बेहोश होकर गिर गई, जिसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। इसके लगभग 4 दिन बाद सपना को अस्पताल से घर लाया गया। इलाज के बाद फिर पुलिस ने उसे ऑफिस बुलाकर पूछताछ की, जिसके बाद से उसकी तबीयत खराब होती चली गई।

# नीतीश कुमार अचानक पहुंचे जदयू कार्यालय जनसुनवाई व्यवस्था का लिया जायजा

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सोमवार को अचानक पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जन सुनवाई को लेकर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनका यह औचक दौरा संगठन को और सक्रिय बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। जदयू कार्यालय पहुंचने के बाद नीतीश कुमार ने सबसे पहले कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रही जनसुनवाई कार्यक्रम की व्यवस्था को भी देखा। जनसुनवाई में मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे और लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। नीतीश कुमार वहां पहुंचे और मौजूद लोगों से कहा कि जनसुनवाई पूरी गंभीरता और व्यवस्थित तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने जनसुवाई कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा, "ठीक से कीजिए।"

**प्रदेश अध्यक्ष को दिए आवश्यक निर्देशः** निरीक्षण के दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी उनके साथ मौजूद रहे। नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी कार्यालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा,



'कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याओं की नियमित सुनवाई होनी चाहिए। हर स्तर पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**श्रवण कुमार बोले- समय-समय पर समीक्षा करते हैं नीतीशः** इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, 'नीतीश कुमार समय-समय पर पार्टी कार्यालय आकर गतिविधियों की समीक्षा करते हैं। वे यह देखते हैं कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सही तरीके से हो रहा है या नहीं।' उन्होंने कहा, 'पार्टी कार्यालय आने वाले कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता है।'

**बांकीपुर उपचुनाव को लेकर बोले श्रवण कुमारः** श्रवण कुमार ने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा, '2025 का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा गया और एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला। भाजपा और जदयू के बीच बेहतर तालमेल है।' उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन को लेकर कहा कि उनसे एनडीए को कोई नुकसान नहीं होगा और अंतिम फैसला जनता करेगी।

**सरकार हर मामले में गंभीर, दोषियों पर होगी कार्रवाईः** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में श्रवण कुमार ने मीडिया से अपील किया कि जांच पूरी होने तक धैर्य रखें, सरकार निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# शेयर बाजार में उतरेगा पटना नगर निगम

**लोकतंत्र की शान , पटना**

बिहार सरकार ने बीते दिनों कैबिनेट में पटना नगर निगम को 200 करोड़ तक का म्यूनिसिपल बांड जारी करने की मंजूरी दी थी। अब पटना नगर निगम शेयर बाजार में उतरने की तैयारी में है। निगम बॉन्ड जारी करने से पहले सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने में लगा हुआ है। क्रेडिट रेटिंग मिलने के बाद म्युनिसिपल बॉन्ड को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट किया जाएगा। बॉन्ड से जुटाई गई राशि को पटना को स्मार्ट सिटी बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा।

हालांकि, इसे मंजूरी देने के बाद अब सरकार ने बॉन्ड के लिए नियम और शर्तें भी तय कर दी हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार इस बॉन्ड के मूलधन और ब्याज के एक-एक रुपये का भुगतान नगर निगम को अपने ही राजस्व से



- **200 करोड़ के म्युनिसिपल बॉन्ड की स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग की तैयारी, सरकार नहीं लेगी भुगतान की जिम्मेदारी**

करना होगा। सरकार इस भुगतान की कोई जिम्मेदारी नहीं लेगी। बॉन्ड जारी होने के चार साल बाद मूलधन की अदायगी शुरू होगी, जबकि पूरे 10 वर्षों तक नगर निगम को वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए निवेशकों का पैसा समय पर लौटाना होगा।


## 6 जिलों में झमाझम बारिश, 12 में अलर्ट पटना समेत कई जगह बादल छाए

**लोकतंत्र की शान , पटना**

बिहार में मानसून की रफ्तार धीमी है। प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए है, लेकिन अच्छी बारिश के लिए लोगों को इंतजार करना होगा। इस बीच सोमवार को बक्सर, सासाराम और औरंगाबाद में तेज बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। दोपहर बाद बांका, नालंदा और जमुई में भी झमाझम बारिश हुई। पटना, कटिहार समेत कई शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 60km/h की रफ्तार से हवा चल सकती है।

ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों के अलावा राज्य के 26 जिलों के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 10 दिनों तक राज्य में रुक-रुककर बारिश होती रहेगी।

पटना में रविवार शाम करीब



पांच बजे आंधी के साथ बारिश शुरू हुई, लेकिन यह महज 15 मिनट तक ही चली। बारिश थमते ही धूप निकल आई, जिससे नमी बढ़ गई और उमस पहले से अधिक महसूस होने लगी। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं भी अच्छी बारिश दर्ज नहीं की गई।

केवल पश्चिम चंपारण के एक-दो स्थानों पर मध्यम बारिश हुई, जबकि उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण बिहार के एक-दो स्थानों तथा उत्तर-पूर्व बिहार के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई।इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 35.1 से 39.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

# बांकीपुर विधानसभा सीट पर महागठबंधन में खींचतान, कांग्रेस ने राजद के दावे को नकारा

**लोकतंत्र की शान , पटना**

पटना के बांकीपुर विधानसभा सीट पर उप-चुनाव के ऐलान के बाद सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। एक ओर जहां जन सुराज ने प्रशांत किशोर को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, महागठबंधन की सहयोगी दल कांग्रेस ने भी इस सीट पर अपना दावा ठोक दिया है। कांग्रेस का मानना है कि बांकीपुर सीट कांग्रेस की पारंपरिक सीट रही है। इस पर कांग्रेस की सबसे मजबूत दावेदारी है। कांग्रेस ने राजद के दावे पर भी सवाल खड़े किए हैं। बिहार कांग्रेस के सूचना एवं पत्राचार विभाग के प्रभारी असित नाथ तिवारी ने कहा, 'जो दल बिना बात किए दावा करे, वह गठबंधन का हिस्सा नहीं हो सकता। कांग्रेस ऐसे दलों की बात मानने को मजबूर नहीं है।'




**कांग्रेस सहयोगी दल को महत्व देने के लिए मजबूर नहीं- आसित नाथ तिवारीः** असित नाथ तिवारी ने आगे कहा, 'बांकीपुर सीट पर कांग्रेस का दावा सबसे मजबूत बनता है। बांकीपुर सीट कांग्रेस की पारंपरिक सीट रही है। इसलिए इंडिया गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों को इस पर निर्णय लेना है।' उन्होंने नसीहत देते हुए कहा, 'अगर इंडिया गठबंधन का कोई भी दल बिना सहयोगी दलों से बातचीत किए बांकीपुर सीट पर अपना दावा कर रहा है या अपने उम्मीदवार की घोषणा कर रहा है। इसका मतलब ये है कि वह इंडिया गठबंधन से अलग है, वो बाकी दलों को महत्व नहीं दे रहा है।'

बांकीपुर सीट को लेकर महागठबंधन में तकरार की स्थिति बनती दिख रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, 'बांकीपुर सीट से हमारी पार्टी उम्मीदवार उतारेगी।' उनका तर्क है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भी राजद ने यहां से अपना प्रत्याशी दिया था। महागठबंधन से राजद की रेखा कुमारी ने दांव आजमाया था।

दूसरी ओर बिहार कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा किए गए अनुशासनहीनता को लेकर आलाकमान सख्त हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, अनुशासनहीनता की जांच के लिए तीन सदस्यी कमिटी बनाये जाने की चर्चा है। कमिटी की रिपोर्ट के आधार आगे की कार्रवाई होगी। दरअसल, गुरुवार को हुए बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के बीच जमकर घमासान हुआ था। मंच पर ही दोनों नेताओं के बीच टिकट बेचने के आरोपों को लेकर जमकर झगड़ा हुआ। दोनों ने एक दूसरे पर संगीन आरोप लगाए। बवाल बढ़ता देख एक युवा जिलाध्यक्ष ने बीचबचाव कर दोनों को शांत किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### विजयराघवगढ़ विधानसभा के किसानों के लिए खुशखबरी! नहीं होगी अब खाद की कमी

**बरही 1 हजार टन क्षमता वाले खाद भंडारण केंद्र का विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने वर्चुअल शुभारंभ**





**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेशः बरही** । विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक जी के सार्थक प्रयासों बाद विपणन संघ के खाद विपरण केन्द्र का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया । इस विपरण केन्द्र के प्रारंभ होने से बरही व विजयराघवगढ़ क्षेत्र के किसानों को अब उचित मूल्य पर समय पर उर्वरक खाद उपलब्ध हो सकेगा । बरही के कृषि उपज मंडी परिसर में बने इस भंडार केन्द्र में विधानसभा के लिए 1 हजार टन यूरिया, डीएपी (DAP), और एनपीके (NPK) जैसे उर्वरक सुचारू और पारदर्शी रूप से भंडारण रहेगा ।

### सिरसाः नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान : सिरसा**। जिले क्षेत्र में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल भिजवाया गया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव दिया गया है। मृतक की पहचान ढाणी ख्योंवाली निवासी सिकंदर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सिकंदर अपने ननिहाल रानियां में आया हुआ था। सिकंदर ने रविवार देर शाम को एक मेडिकल स्टोर से नशा खरीदा और खेल स्टेडियम में चला गया जहां उसने नशे का सेवन किया। कुछ देर बात सिकंदर की हालत बिगड़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सिकंदर पिछले तीन-चार सालों से मेडिकल नशे का सेवन कर रहा था और वह अपनी मां के साथ अपने ननिहाल रानियां में मामा के घर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फतेहाबादः राहगीर से लूटपाट का मुख्य आरोपी नाबालिग साथी संग काबू

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद**। एक राहगीर से हुई लूटपाट की वारदात का महज कुछ ही दिनों में खुलासा करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित एक नाबालिग को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। सोमवार को इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि शिकायतकर्ता भरत नागपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 जून की रात को वह अपनी एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर गांव धांगड़ से फतेहाबाद की ओर लौट रहा था। इसी दौरान भूना पुल से करीब एक किलोमीटर पहले सर्विस रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने रास्ता रोककर उसकी स्कूटी को जबरन रुकवा लिया। आरोपियों ने हाथों में ईंटें लेकर उसे जान से मारने की धमकी दी और खौफ पैदा कर उसकी जेब से 2500 रुपये नकद, मोबाइल फोन और स्कूटी की चाबी लूटकर रफूचक्कर हो गए। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में 4 जुलाई को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचनाओं और अन्य सुरागों के आधार पर जाल बिछाया और वारदात का पर्दाफाश करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी की पहचान बंटी उर्फ सुखा पुत्र जांग भादर निवासी गांव बरसीन के रूप में हुई है। वहीं वारदात में शामिल उसके एक नाबालिग साथी को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कानूनन काबू किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच के दौरान इस नेटवर्क में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका या संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल मामले की जांच बारीकी से जारी है।

### फरीदकोट के पीपली गांव में पंजाब पुलिस जवान के बेटे की बेरहमी से हत्या

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़**। फरीदकोट के गांव पीपली में पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते में तैनात जवान के बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शव एक घर के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला। उसके हाथ, पैर और मुंह रस्सियों से बंधे हुए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। फरीदकोट शहर के रहने वाले पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते में चंडीगढ़ तैनात हरनेक सिंह ने बताया कि उनके बड़े बेटे अर्शदीप ने कुछ दिन पहले फोन पर उन्हें बताया था कि हरप्रीत कौर नाम की एक महिला उसे लगातार फोन करके उस पर संबंध बनाने का दबाव डाल रही थी। हरनेक सिंह के अनुसार उनका बेटा इस बात से काफी डरा हुआ था। बेटे की परेशानी सुनकर हरनेक सिंह छुट्टी लेकर घर पहुंचे थे। उन्होंने रविवार शाम गांव के बुजुर्गों और पूर्व सरपंच इकबाल सिंह के साथ हरप्रीत कौर के परिवार से बात कर मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की योजना बनाई थी, लेकिन पंचायत के हस्तक्षेप से पहले ही यह दर्दनाक वारदात हो गई। हरनेक सिंह कुछ समय के लिए एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। जब वह वापस लौटे, तो अर्शदीप घर पर नहीं मिला। शक होने पर वह पूर्व सरपंच इकबाल सिंह और अन्य ग्रामीणों के साथ तुरंत पीपली गांव पहुंचे। जब वे हरप्रीत कौर के पिता चमकौर सिंह के घर के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि तीन व्यक्ति घर से भाग रहे थे। उनके कपड़े खून से सने हुए थे और उनमें से एक के हाथ में कुल्हाड़ी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने भागने वालों की पहचान चमकौर सिंह, उसके बेटे सतनाम सिंह और दामाद सिमरजीत सिंह के रूप में की। इसके बाद जब हरनेक सिंह घर के अंदर पहुंचे तो वहां उनके बेटे अर्शदीप सिंह का शव खून से लथपथ पड़ा था। यह दृश्य देखकर परिवार सदमे में आ गया। हरनेक सिंह की शिकायत पर पुलिस ने हरप्रीत कौर, उसके पति सिमरजीत सिंह, पिता चमकौर सिंह और भाई सतनाम सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।

### सूर्यनगरी में मानसून की पहली झमाझम : निचली बस्तियों में भरा पानी, सड़कें लबालब

**लोकतंत्र की शान : जोधपुर**। मारवाड़ में सोमवार को दक्षिण पश्चिम मानसून की एंट्री से कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जोधपुर शहर में एक घंटे तक जमकर बरसे बदरा से निचली बस्तियों में एक ओर जहां पानी भर गया वहीं सडक़ें भी पानी से लबालब हो गई। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के प्रेशर से मानसून तीव्र गति से आगे बढ़ते हुए पश्चिम राजस्थान में प्रवेश कर गया।जोधपुर में हालांकि दो दिन पहले मानसून प्री की अच्छी बारिश हुई थी। मानसून पूर्वी -दक्षिणी राजस्थान में सक्रिय हो रखा था, अब बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से यह आगे बढ़ते हुए मारवाड़ में प्रवेश कर गया है। आज सुबह सूर्यनगर में घने काले बादल आसमां में नजर आने लगे थे। पहले रिमझिम बारिश हुई फिर देखते ही देखते यह मूसलाधार में तब्दील हो गई। सुबह हुई बारिश से शहर की सडक़ों पर पानी भर गया वहीं घरों में भी परनाले चलनी लगी।

# करनाल में होगा साहित्य उत्सव का होगा आयोजन

» प्रदेश भर के साहित्यकारों को किया जाएगा सम्मानित

» युवा कवि सम्मेलन के साथ-साथ होगा पुस्तक विमोचन और लगेगा पुस्तक मेला

**लोकतंत्र की शान,राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**




**करनाल**। सांझा साहित्य मंच,करनाल आगामी 12 जुलाई को रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनोज गौतम सभागार में एक दिवसीय करनाल साहित्य उत्सव का आयोजन करेगा।सभी का प्रवेश मनोहर सुगम द्वार से होगा और सभागार में प्रवेश करने के लिए डॉक्टर एस के शर्मा द्वार और जय भारद्वाज द्वार से एंट्री होगी।जिसमें प्रदेश भर के लगभग सैंतीस साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा और यह सम्मान करनाल के उन दिवंगत साहित्यकारों के नाम पर शुरू किया गया है,जिन्होंने अपने समय पर साहित्य की सेवा की और अनेकों कार्यक्रम किए,इसके साथ ही युवा कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा,जो कि सम्भवतः पहली बार होगा कि केवल युवा कवि पढ़ेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष कृष्ण कुमार निर्माण और महासचिव सतविंदर राणा बाल ने बताया कि इस साहित्य उत्सव में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम भी होगा और साथ ही दिल्ली से साहित्य-24,कुरुक्षेत्र से यूनिक प्रकाशन और फुले अम्बेडकर मिशन प्रचार मंच प्रकाशन की ओर से पुस्तक मेले का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नव चेतना मंच के अध्यक्ष एस पी चौहान करेंगे, तो मुख्य अतिथि दिल्ली आकाशवाणी के उद्घोषक और हिंदी अकादमी के पूर्व उप सचिव ऋषिकुमार शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी,करनाल रोहतास वर्मा होंगे। सांझा साहित्य मंच की टीम कार्यक्रम की तैयारियों में जुटी हैं। कार्यक्रम में दिवंगत साहित्यकारों के परिवारों को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर डॉ दलीप खरेरा, मनोज मधुरभाषी, गुलाब फक्कड़ व आशीष ताज मौजूद रहे।

## छात्रा हत्याकांड पर कांग्रेस का बड़ा ऐलान, 8 जुलाई को चुरहट थाने का घेराव कर करेगी जोरदार प्रदर्शन

**(ऋचा पाण्डेय, ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान**

**सीधी**। चुरहट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टीकट खुर्द निवासी राजराखन साकेत की पुत्री के अपहरण और हत्या की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस 8 जुलाई को चुरहट थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के निर्देश पर मंगलवार, 8 जुलाई को सुबह 11 बजे शिव विद्यालय, हार्दिहा रोड, चुरहट के सामने कार्यकर्ता एकत्र होंगे। इसके बाद रैली के रूप में चुरहट थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि छात्रा के अपहरण और हत्या जैसी गंभीर घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, जिससे




क्षेत्र में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। पार्टी का कहना है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराने तथा प्रशासन की कथित लापरवाही के विरोध में यह लोकतांत्रिक आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।

## नहर में डूबे युवक का दूसरे दिन मोहनिया टनल के पास मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान**



**सीधी**। जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत यूपी कैनाल नहर में डूबे 19 वर्षीय युवक का शव घटना के दूसरे दिन मोहनिया टनल के पास बरामद होने से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभयलाल पाल 19 वर्ष पिता सत्यसेन पाल ग्राम बड़खरा निवासी 5 जुलाई को अपने साथी शिवम यादव के साथ जूड़ा नाला ममदर नहर की ओर गया था। दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि अभयलाल नहर में डूब गया है। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा देर शाम तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली कि मोहनिया टनल के पास सिद्ध बाबा मंदिर से लगी यूपी कैनाल नहर, खोहरा मोहनिया के समीप एक युवक का शव पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अभयलाल पाल के रूप में की। बाद में शव को नहर से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर चुरहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 38/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत नहर में डूबने से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## जन सहायता मानवाधिकार लोक सेवा सुरक्षा परिषद की हुई पवई में अहम बैठक

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**

पवई विगत दिनो पवई रेस्ट हाउस में डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया पिछड़ा वर्गआयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा पूर्व सांसद पूर्व विधायक जन सहायता मानवाधिकार लोक सेवा सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय संरक्षक जी की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह के निर्देशन में सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई जिसमें जिसमें असहाय पीड़ित गरीब व्यक्तियों की हर संभव मदद करने एवं प्रशासन की ओर से संगठन के आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन कुसमरिया के द्वारा दिया गया एवं माननीय कुशमारिया जी द्वारा संगठन का हर संभव सहयोग मदद करने का भी आश्वासन दिया गया उनके द्वारा कहा गया कि हमें शासन प्रशासन से व्यक्तियों के हित के लिए कितनी भी लड़ाई लड़नी पड़े हम लड़ने के लिए तैयार हैं हम सब संगठन के पदाधिकारी हैं कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे आज पूरे भारतवर्ष में लाखों की संख्या में इस संगठन में लोग कार्य कर रहे हैं एवं मध्य प्रदेश में लगभग 78500 पदाधिकारी कार्यरत हैं और माननीय जी का सहयोग हमेशा संगठन के साथ रहेगा इसमें संगठन के बाहुल्य संख्या में पदाधिकारी



एवं सदस्य गण उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात मां कलेही प्रांगण है हय क्षत्रिय कलचुरी जयसवाल समाज धर्मशाला के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिस दौरान पवई नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत जी एवं पुष्पेंद्र पटेल जी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# अभियान के अंतर्गत डीपीएस स्कूल, चाका में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**





**कटनी**। मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित "SAFE CLICK-2026 2.0" अभियान के अंतर्गत, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना (भा.पु.से.) के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिलेभर में साइबर सुरक्षा एवं जन-जागरूकता संबंधी कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 06 जुलाई 2026 को थाना कुठला अंतर्गत डीपीएस स्कूल, चाका में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई । सर्वप्रथम डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर के मैदान में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की उपयोगिता एवं महत्व प्रदर्शित करने हेतु मानव श्रृंखला बनाकर की गई जिससे छात्र-छात्राओं द्वारा समाज एवं युवाओं को जागरूकता का संदेश दिया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों भी पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन किया गया, छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा साइबर जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक, नृत्य, एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इनमें फर्जी कॉल, वीडियो कॉल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, नकली APK फाइल, फर्जी निवेश योजनाएं, टास्क फ्रॉड, UPI/QR कोड स्कैम, कस्टमर केयर बनकर ठगी करना तथा OTP प्राप्त कर बैंक खातों से राशि निकालना जैसी घटनाएं प्रमुख हैं।

## टेढ़ा बिजली पोल दे रहा हादसे को आमंत्रण शिकायतों के बाद भी नहीं बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान**



**सीधी**। शहर के वार्ड क्रमांक 23 मड़रिया में प्रशासनिक लापरवाही की एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। यहां एक कंक्रीट का बिजली पोल लंबे समय से खतरनाक तरीके से घर की ओर झुका हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार आवेदन, शिकायत और निवेदन करने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक पोल बदलने की कोई कार्रवाई नहीं की है। बरसात के मौसम में तेज हवा और बारिश के कारण हादसे की आशंका और बढ़ गई है। स्थानीय निवासी एवं शिकायतकर्ता अविनाश सिंह पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके घर के सामने लगा बिजली पोल पहले से झुका हुआ था। हाल ही में बिजली केबल बदलने के दौरान तारों को अधिक खींचे जाने से पोल और अधिक घर की ओर झुक गया। उनका कहना है कि यदि यह पोल गिरा तो सीधे उनके मकान पर गिरेगा, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

## अनावरण से पहले विक्षिप्त ने प्रतिमा की पन्नी फाड़ने का किया प्रयास

**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान**


**सीधी**। शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस के सामने स्थापित पूर्व मंत्री स्व. इंद्रजीत कुमार की प्रतिमा की पन्नी फाडऩे के उद्देश्य से आज एक विक्षिप्त स्थल में पहुंच गया । उसके द्वारा जैसे ही पन्नी फाडऩे का प्रयास शुरू किया गया स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके में आकर उसे भगा दिया। यदि समय पर पुलिस न पहुंचती तो वह विक्षिप्त युवक प्रतिमा का अनावरण भी कर देता। हालांकि इस मामले में भी विलंब किया जा रहा हैं। प्रतिमा स्थापित करने के कई दिन गुजर गए लेकिन अनावरण की तिथि निश्चित नहीं हो पाई है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली विवेक द्विवेदी ने बताया कि जानकारी मिली कि सुबह 10 से 11 बजे के बीच कोई विक्षिप्त व्यक्ति प्रतिमा के नीचे पन्नी फाडऩे का प्रयास कर रहा था। जैसे ही जानकारी मिली स्टाफ को भेजा जहां उसे भगा दिया गया है।



## बीच बाजार की सड़क बनी जानलेवा, गड्ढों में समा रहे वाहन

» करोड़ों के विकास दावों की खुली पोल, जनता में भारी आक्रोश

**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान**



**सीधीः** एमपीजेएस न्यूज। विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावों के बीच अमिलिया के मुख्य बाजार की सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि दोपहिया और चारपहिया वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं, जबकि बारिश के कारण इनमें पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बाइक सवार गहरे गड्ढे में फंसकर सड़क पर गिर जाता है। वहीं एक महिला भी बाल-बाल बचती दिखाई देती है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश और बढ़ा दिया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। बीच बाजार की सड़क की दुर्दशा इस बात का प्रमाण है कि जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि आम जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे पूरी तरह छिप जाते हैं, जिससे हर गुजरने वाला वाहन चालक हादसे की आशंका के बीच सफर करने को मजबूर है। व्यापारियों का कहना है कि खराब सड़क के कारण ग्राहक भी बाजार आने से कतरा रहे हैं, जिससे उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जिन नेताओं और अधिकारियों का प्रतिदिन इस मार्ग से आना-जाना होता है, क्या उन्हें सड़क की यह बदहाली दिखाई नहीं देती? लोगों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में जनता को उसकी बदहाली के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने किया लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण, क्षेत्रीय देशों ने जताई चिंता

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी एक रणनीतिक परमाणु पनडुब्बी से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नौसेना के अनुसार यह परीक्षण उसके वार्षिक सैन्य प्रशिक्षण का नियमित हिस्सा था और इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों एवं नियमों के अनुरूप अंजाम दिया गया। फ्रांस के समाचार टेलीविज़न नेटवर्क फ्रांस24 और चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने पीएलए नौसेना के हवाले से बताया कि दोपहर 12:01 बजे डमी वॉरहेड से लैस रणनीतिक मिसाइल को प्रशांत महासागर के खुले समुद्री क्षेत्र की ओर दागा गया, जो पूर्व निर्धारित समुद्री इलाके में जाकर गिरी। चीन ने कहा कि यह परीक्षण किसी देश या विशेष लक्ष्य के खिलाफ नहीं था और संबंधित देशों को पहले से इसकी सूचना दे दी गई थी। उधर, चीन के इस परीक्षण को लेकर क्षेत्रीय देशों ने चिंता और विरोध जताया। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे प्रस्तावित लॉन्च की जानकारी परीक्षण से केवल कुछ घंटे पहले ही दी गई थी। सरकार ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण दक्षिण प्रशांत परमाणु-मुक्त क्षेत्र में किया गया, जिसकी स्थापना 1986 की रारोटोंगा संधि के तहत हुई थी। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की सैन्य गतिविधियों को लेकर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद चीन ने बेहद कम समय पहले सूचना देकर परीक्षण कर दिया। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने भी चीन के इस कदम पर आपत्ति जताई। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि उनका देश इस तरह के मिसाइल परीक्षण को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चुनौती मानता है। उन्होंने यह बयान फिजी में उस समय दिया जब ऑस्ट्रेलिया और फिजी ने प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से नई रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि चीन ने इससे पहले भी प्रशांत क्षेत्र में लंबी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि दक्षिण प्रशांत में इस तरह की गतिविधियां क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन को लेकर नई बहस को जन्म दे सकती हैं।

### ट्रंप ने फिर की मेलोनी पर टिप्पणी, तस्वीर शेयर कर लिखा-रोकथाम के आदेश की जरूरत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को लेकर फिर टिप्पणी की जिससे विवाद भड़क गया। दरअसल ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर जी7 समिट की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके सामने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी मौजूद हैं। इसके साथ जो कैप्शन उन्होंने लिखा है, वो मानो मेलोनी का मजाक उड़ाने जैसा है। इस पर लिखा है – रोकथाम के आदेश की जरूरत। अब ये तस्वीर चर्चा का विषय बनी गई है कि आखिर ट्रंप इसके जरिये क्या कहना चाहते हैं। ट्रंप ने यह नहीं बताया कि वे मेलोनी के खिलाफ रोकथाम के आदेश की बात कर रहे हैं, लेकिन कई लोगों ने यही समझा। कुछ लोगों का कहना है कि ट्रंप मेलोनी का मजाक उड़ा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसके पीछे वजह ट्रंप और मेलोनी के बीच हुआ वह विवाद है, जिसने अंतरराष्ट्रीय सुर्खिया बटोरी थीं। नाटो के सम्मेलन में एक बार फिर से दोनों नेताओं की मुलाकात हो सकती है, उससे पहले ट्रंप का ऐसा पोस्ट करना दिखाता है कि उन्हें अपनी पुरानी टिप्पणी पर कोई पछतावा नहीं है। पिछले महीने जी7 समिट फ्रांस में हुआ था। इसमें भारत के पीएम मोदी समेत कई विश्व नेता शामिल हुए थे। ट्रंप ने सम्मेलन के बाद में दावा किया कि मेलोनी उनसे फोटो खिंचवाने के लिए मिन्नतें कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसके बाद मेलोनी पर तरस आया, इसलिए उन्होंने फोटो खिंचवाई। ट्रंप ने यह भी कहा कि मुझे उनसे बात करने की जरूरत नहीं थी, लेकिन मैंने बात कर ली। शायद वे इससे खुश होंगी। ट्रंप के इस दावे के बाद मेलोनी भी चुप नहीं बैठीं। उन्होंने एक पोस्ट किया था, जिसमें वे कह रही थीं कि ट्रंप के बयान पूरी तरह गलत और मनगढ़ंत हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इटली और मैं किसी से भीख नहीं मांगते।

### दिल्ली में अगले 24 घंटे में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार, कई और राज्यों में होगी भारी वर्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुसार दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग क्षेत्रों में मंगलवार और बुधवार को तेज हवाओं के साथ मेघ फिर से बरसेंगे, जिससे यहां के निवासी और अधिक सुहावने मौसम का लुत्फ उठाएंगे। वहीं, गुजरात, तटीय कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में भी घनघोर वर्षा होने की संभावना है।



आईएमडी के अनुसार राजधानी में मंगलवार को कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। वहीं, 8 और 9 जुलाई को भी यही स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान यहां का तापमान भी सामान्य रहेगा। इस दिन तेज हवाओं का असर रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि राजधानी में पिछले दो-तीन दिनों तक हल्की से मध्यम वर्षा होने से मौसम सुहावना हो गयी था लेकिन आज फिर से तीखी धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। इसके कारण से लोगों को फिर से उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण झारखंड और उससे सटे उत्तरी अंदरूनी ओडिशा के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसलिए अगले तीन दिनों के दौरान देश के मध्य हिस्सों में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है। 7 जुलाई को कोंकण, गुजरात और तटीय कर्नाटक में, 7-8 जुलाई के दौरान मध्य महाराष्ट्र में, 8 जुलाई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, अगले 3 दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तरी अरब सागर के कुछ और हिस्सों, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के बाकी हिस्सों और राजस्थान के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत, पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में अगले 24 घंटे से लेकर छह दिनों के दौरान कहीं हल्की से मध्यम और कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं।

### तमिलनाडु के मंदिर से चोरी हुई 500 साल पुरानी मूर्तियां बरामद,अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**मयिलाडुथुरै/कराईकल।** तमिलनाडु के मयिलाडुथुरै जिले के एक प्राचीन शिव मंदिर से चोरी की गई करीब 500 वर्ष पुरानी पंचधातु और कांस्य की बहुमूल्य मूर्तियों को श्रीलंका तस्करी किए जाने से पहले पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में कराईकल पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह से जुड़े दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में श्रीलंका स्थित तस्करों से इनके संपर्क तथा करोड़ों रुपये मूल्य की प्राचीन मूर्तियों और आभूषणों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, मयिलाडुथुरै जिले के मनलमेडु के निकट तिरुवाडैयूर गांव स्थित धर्मपुरम अधीनम के अधीन आने वाले प्राचीन श्री नीलकंठेश्वरर शिव मंदिर में 21 जून की आधी रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर घुस गए थे। उन्होंने मंदिर के सुरक्षा कक्ष में रखी लगभग 500 वर्ष पुरानी पांच दुर्लभ प्रतिमाएं चुरा लीं। इनमें पंचधातु से निर्मित अमृतकरवल्ली, चंडिकेश्वरर, अप्पर और मंगालनायकी की प्रतिमाएं तथा कांस्य से निर्मित एक पावै दीप (दीप धारण करने वाली प्रतिमा) शामिल है। अगली सुबह मंदिर का ताला टूटा मिलने पर मंदिर प्रशासन ने मनलमेडु पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष जांच दल गठित किए और मूर्तियों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान तमिलनाडु के खुफिया विभाग से केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल पुलिस को सूचना मिली कि चोरी की गई प्राचीन मूर्तियों को कराईकल समुद्र तट के रास्ते मोटरबोट से श्रीलंका भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही कराईकल के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस और विशेष टीमों ने समुद्री तट तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी। इसी बीच मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने कराईकल के धर्मपुरम इलाके में स्थित एक मकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान वहां से चोरी की गई चार पंचधातु की प्राचीन मूर्तियां और एक कांस्य पावै दीप सहित सभी पांचों प्रतिमाएं सुरक्षित बरामद कर ली गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत कई करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

# मध्य प्रदेश व कुवैत की मत्स्य कंपनी के बीच 7,430 करोड़ का एग्रीमेंट

**एजेंसी, भोपाल**



- 35 हजार रोजगार होंगे सृजित
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- मप्र मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा
- इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में होगा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी-जबेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपये के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। यह एग्रीमेंट मध्य प्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पहल से प्रदेश में मत्स्य उत्पादन, निर्यात और रोजगार को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में एग्रीमेंट पर हुए हस्ताक्षर के बाद यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा कुवैत फिश ट्रेड यूनियन के निदेशक मंडल के अध्यक्ष फारेस बौकम्माज़ उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश में पशुपालन, मत्स्य पालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित या बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में तालाबों और जलाशयों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं। प्रदेश के मछुआरा समुदाय के लोग मछली पालन जरिए ही अपनी आजीविका चलाते हैं। इन सबकी बेहतरी के लिए मध्य प्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय विस्तार दिया जा रहा है। आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन विकास के लिए पर्याप्त जलसंरचनाओं के भंडार हैं। इससे देश की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। कृषि और खाद्यान्न के विकास को लेकर मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। कुवैत हमारा मित्र देश है, प्रदेश में विदेशी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण के साथ तेजी से कार्य कर रही है, अब इसके सुखद परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। भविष्य में मध्यप्रदेश मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए एग्रीमेंट के दौरान जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के अंतर्गत राज्य में आधुनिक निर्यातोन्मुखी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य उद्योग के विकास के लिए निजी एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रावधान है।

## मुंबई में भारी बारिश के बीच 17 उड़ानें रद्द, 217 में देरी, अकासा-इंडिगो की एडवाइजरी जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मुंबई में लगातार हो रही बारिश का असर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर भी पड़ा है। 6 जुलाई को रात 12 बजे से सुबह 11:30 बजे तक 17 उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं, जबकि 217 उड़ानें देरी से संचालित हुईं। इस बीच लगातार हो रही भारी बारिश के असर से निपटने के लिए अकासा और इंडिगो एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की हैं। मुंबई में हुई बारिश की वजह से छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट अव्यवस्थित ट्रैवल पॉइंट्स में से एक बन गया है। हालात में सुधार के कोई संकेत न मिलने पर एयरलाइंस ने तुरंत यात्रियों को चेतावनी दी। आकासा एयर ने कहा कि मुंबई, पुणे और गोवा में भारी बारिश के कारण हमारे नेटवर्क की कुछ उड़ानें देर से चल सकती हैं। एयरलाइन ने यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की अपील की। अकासा एयर ने यात्रा की योजनाओं में असुविधा को देखते हुए यात्रियों से धैर्य और समझदारी की उम्मीद जताई है।

एयरलाइन ने कहा कि हालांकि, यह स्थिति पूरी तरह से हमारे नियंत्रण से बाहर है, फिर भी आप निश्चिंत रहें कि हमारी टीमें आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। कृपया एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान का स्टेटस http://bit.ly/qpfltsts पर चेक कर लें।

इंडिगो ने जारी अपने एडवाइजरी में कहा कि मुंबई में खराब मौसम की वजह से उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है। हम मौसम पर लगातार नज़र रखे हुए हैं और आपको सुरक्षित और आसानी से आपकी मंज़िल तक पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एयरलाइन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि हमारी वेबसाइट या ऐप के ज़रिए अपनी उड़ान की स्थिति (फ़्लाइट स्टेटस) के बारे में जानकारी लेते रहें। कृपया निश्चिंत रहें, हमारी टीमें हर कदम पर आपकी मदद और पूरा सहयोग करने के लिए मौजूद हैं। आपके धैर्य और समझदारी के लिए धन्यवाद।

## टीएमसी के ममता के नेतृत्व वाले धड़े ने की चुनाव आयोग से मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस का धड़ा सोमवार को चुनाव आयोग से मिला और बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से किए गए दावों का जबाव दिया। तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का कार्यकाल पांच साल का होता है और यह 2027 तक चलेगा। ऋतब्रत ने दावा किया था कि कार्यकाल 3 वर्ष का होता है और यह 2025 में समाप्त हो चुका है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सांसद कल्याण बनर्जी, महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष शामिल थीं। वर्तमान में ममता और ऋतब्रत के नेतृत्व वाले धड़े के बीच असली तृणमूल होने का संघर्ष चल रहा है। दोनों ही धड़े अपने-अपने आधारों पर दावा कर रहे हैं।

आयोग से मुलाकात का बाद कल्याण बेनर्जी ने कहा, "चुनाव आयोग द्वारा कथित तृणमूल सचिव ऋतुब्रत बनर्जी के एक अभ्यावेदन के आधार पर मांगे गए जवाब को दाखिल कर दिया है। हमने उस पर विस्तृत जवाब दिया है।"

उन्होंने बताया कि ऋतब्रत का रुख था कि तृणमूल की कार्यकारी समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का कार्यकाल केवल तीन वर्ष का होता है। इसलिए 2022 में अंतिम तृणमूल समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का गठन हुआ था और इसका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो गया। बनर्जी ने आगे बताया कि पार्टी के संविधान में बदलाव कर इसे पांच वर्ष का कर दिया गया था। इसकी सूचना चुनाव आयोग को दी गई थी और उसके बाद चुनाव आयोग ने भी निर्देश दिया है कि जब भी चुनाव होने हों, वे पांच वर्षों के भीतर ही हों।

# मप्र के सीहोर में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 5 की मौत, 4 गंभीर

**एजेंसी, सीहोर**



मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो गाड़ी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और शव गाड़ी के मलबे में ही फंसे रह गए। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब 2:45 बजे आष्टा और शुजालपुर के बीच स्थित ग्राम मेना गोदी के पास घटित हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि टक्कर का प्रभाव इतना जबरदस्त था कि बोलेरो में सवार 3 लोग हवा में उछलकर करीब 15-20 फीट दूर जाकर गिरे। वहीं, बोलेरो चला रहे ड्राइवर का खून से सना शव और अन्य यात्री गाड़ी के क्षतिग्रस्त हिस्से में ही बुरी तरह फंस गया। हादसे में दो लोगों के पैर टूट गए, जबकि अन्य के सिर और छाती में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं।


आष्टा एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें राजाराम सुंदर (45), भगवान (50), इंदर सिंह (55), राधेश्याम (38), बनेसिंह (22), गुलाबचंद (30), हेमराज (25), देवीराम (60), अमरसिंह (45) शामिल थे। ये सभी राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भियापुरा के रहने वाले थे। ये सभी ग्रामीण किसी बीमारी का इलाज कराने के लिए आष्टा जा रहे थे, लेकिन पहुंचने से पहले ही मेना गोदी गांव के पास यह हादसा हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और आष्टा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद बोलेरो के मलबे को कटर की मदद से काटकर घायलों और शवों को बाहर निकाला। सभी को तुरंत सिविल अस्पताल आष्टा पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीहोर जिला अस्पताल और फिर हालत बेहद नाजुक होने के कारण आपातकालीन उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया है।

एडिशनल एसपी सुनीता रावत ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना के वक्त और अस्पताल लाते समय पहले 4 लोगों की मौत हुई थी, लेकिन इलाज के दौरान एक और गंभीर घायल ने दम तोड़ दिया, जिससे कुल मृतकों की संख्या 5 हो गई है। उन्होंने बताया कि अब तक जिन मृतकों की शिनाख्त हो पाई है, उनमें इंदरसिंह पुत्र नंदराम और राजाराम पुत्र गणपत शामिल हैं, जो भियापुरा (राजगढ़) के निवासी थे। अन्य तीन मृतकों की पहचान की प्रक्रिया अभी जारी है। हादसे के बाद आरोपित ट्रक चालक अपने वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

# मानखुर्द में निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान गिरने से सात लोगों की मौत

**एजेंसी, मुंबई।**



मानखुर्द के मंडाला जनता नगर में रविवार को रात करीब नौ बजे एक तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान बगल के मकान पर गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला और छह बच्चे शामिल हैं। इस घटना में मलवे में एक व्यक्ति की दबे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है, जिसकी तलाश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य कर रही है। मानखुर्द पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की छानबीन कर रही है।


इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि आज मंडाला जनता नगर में स्थित एक चाल में एक तीन मंजिला मकान का निर्माण कार्य किया गया था। आज दिन भर हो रही बारिश की वजह से यह निर्माणाधीन मकान रात करीब नौ बजे अचानक बगल के मकान पर गिर गया। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और एक की तलाश की जा रही है। इस घटना की गहन छानबीन जारी है।

मुंबई नगर निगम की महापौर रीतू तावड़े ने बताया कि यह घटना बहुत ही दुखद है। इस घटना में अवैध निर्माण बगल के मकान पर गिर गया। इससे बगल वाले मकान में एक महिला और उसके तीन बच्चे इसके साथ ही पड़ोस के तीन बच्चों निर्माणाधीन मकान में दब गए। इन सभी को तत्काल मलवे से निकालकर पांच लोगों को शताब्दी अस्पताल और दो को राजावाड़ी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन दोनों अस्पतालों में डॉक्टरों ने इन सभी सात लोगों को मृत घोषित कर दिया। रीतू तावड़े ने बताया कि घटनास्थल पर मुंबई नगर निगम की टीम, फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही है। महापौर ने बताया कि गिरा हुआ मकान कलेक्टर की जमीन पर अवैध तरीके सेबनाया गया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और स्थानीय पार्षद नवनाथ बन ने बताया कि इस घटना में अब तक छह लोगों को निर्माणाधीन मकान पूरी तरह से अवैध था। यहां गली काफी संकरी होने से एंबुलेंस पहुंचने में दिक्कत महसूस हो रही थी। घटनास्थल पर मलवे में और लोगों के दबे होने की आशंका है, इसलिए सावधानी से मलवे की छानबीन की जा रही है। मौके पर एनडीआरएफ और मुंबई नगर निगम की टीम के साथ पुलिस टीम काम कर रही है।

## शराब घोटाला : पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे से ईडी की पूछताछ जारी

**एजेंसी, रांची**




झारखंड के चर्चित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव सोमवार को निर्धारित समय पर रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रोहित उरांव से पूछताछ प्रारंभ की। जांच एजेंसी उपलब्ध दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर उनसे विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटा रही है। पूछताछ का केंद्र शराब घोटाले से जुड़े कथित आर्थिक लेन-देन और अन्य तथ्यों को माना जा रहा है।

ईडी की जांच झारखंड के कथित शराब घोटाले और उससे जुड़े कारोबारी योगेंद्र तिवारी से संबंधित मामलों पर केंद्रित है। इसी जांच के दौरान एजेंसी ने रोहित उरांव को दूसरा समन जारी कर छह जुलाई को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। वहीं, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को भी ईडी ने पूछताछ के लिए सात जुलाई को तलब किया है।

एजेंसी उनसे भी शराब घोटाले की जांच से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने रोहित उरांव को पहला समन जारी कर 29 जून को और रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, दोनों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए तीन-तीन सप्ताह का समय मांगा था।

## एनजीटी ने साकेत वन क्षेत्र अतिक्रमण मामले में डीडीए से मांगी लंबित मामलों की पूरी जानकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ ने साकेत वन क्षेत्र में कथित अतिक्रमण से संबंधित आवेदन की सुनवाई करते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को दिल्ली उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय में लंबित संबंधित मामलों का पूरा विवरण एवं समर्थनकारी दस्तावेज चार सप्ताह के भीतर रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सुनवाई के दौरान डीडीए की ओर से निदेशक (भूमि प्रबंधन)-I अजय कादियान वर्चुअली उपस्थित हुए और अधिकरण को आश्वासन दिया कि भविष्य में डीडीए की ओर से उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा तथा समय पर जवाब दाखिल किए जाएंगे। डीडीए के अधिवक्ता ने अधिकरण को बताया कि संबंधित मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में 8 अक्टूबर 2026 तथा जिला न्यायालय में 16 जुलाई 2026 को सूचीबद्ध है। इस पर अधिकरण ने दोनों मामलों का विस्तृत विवरण एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अधिकरण ने अजय कादियान की भविष्य की वर्चुअल उपस्थिति से छूट प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर 2026 निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि साकेत में लगभग छह एकड़ के वन क्षेत्र पर 500 से अधिक झुग्गियों के कब्जा करने की खबर का एनजीटी ने संज्ञान लेते हुए डीडीए से जवाब मांगा था।

## अंबाला के नए साइंस सेंटर का नाम होगा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर, प्रतिमा भी लगेगी : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी, चंडीगढ़**



- मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक निर्णय डॉ. मुखर्जी के विजन को आगे बढ़ाने वाले : जगत प्रकाश नड्डा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है। उनकी जयंती केवल उन्हें स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का अवसर है। मुख्यमंत्री सोमवार को अंबाला में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125 स्मरण पक्ष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अंबाला में 85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा, साथ ही निर्माणाधीन शहीद स्मारक के नजदीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष से जुलाई 2027 तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का दो वर्षीय जयंती समारोह मनाया जा रहा है। यह आयोजन उनके विचारों को देश के जन-जन और घर-घर तक पहुंचाने का महायज्ञ है तथा राष्ट्र की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व में ज्ञान, कर्म और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के प्रणेता थे। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित किया।

# दिल्ली की मेडिकल टूरिज्म नीतिः क्या बनेगी एशिया का अगला वैश्विक हेल्थकेयर हब?



संदीप वैष्णव, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक, स्वास्थ्य विषयों के विशेषज्ञ, प्रख्यात चिंतक एवं प्रेरक वक्ता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाने की दिल्ली सरकार की पहल न केवल समय की आवश्यकता है, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक दूरदर्शी कदम है। विश्वस्तरीय अस्पतालों, अनुभवी चिकित्सकों, अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और अपेक्षाकृत कम उपचार लागत के कारण दिल्ली पहले से ही बड़ी संख्या में विदेशी मरीजों को आकर्षित करती रही है। सरकार की नई नीति का उद्देश्य इन मौजूदा क्षमताओं को और सशक्त बनाते हुए स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना तथा अंतरराष्ट्रीय मरीजों को सहज, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

आज मेडिकल टूरिज्म विश्व स्तर पर तेजी से विकसित होता हुआ उद्योग बन चुका है। गुणवत्तापूर्ण और किफायती इलाज की तलाश में हर वर्ष लाखों मरीज दूसरे देशों की यात्रा करते हैं। उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त अस्पतालों और विकसित देशों की तुलना में कम उपचार लागत के कारण भारत विश्व के प्रमुख मेडिकल टूरिज्म गंतव्यों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। अनेक प्रतिष्ठित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की मौजूदगी के कारण दिल्ली इस क्षेत्र में स्वाभाविक रूप से अग्रणी भूमिका निभाती है। दिल्ली सरकार की इस पहल से कई सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। विदेशी मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा होटल, परिवहन, दवा उद्योग, डायग्नोस्टिक्स और अन्य सहायक क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, भारत की वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में पहचान और मजबूत होगी तथा विदेशी मुद्रा अर्जन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। हालांकि, इस पहल की सफलता केवल प्रचार-प्रसार पर नहीं, बल्कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। विदेशी मरीज केवल बेहतर इलाज ही नहीं, बल्कि एक समग्र और व्यवस्थित स्वास्थ्य सेवा अनुभव की अपेक्षा रखते हैं। इसमें मेडिकल वीजा की सरल प्रक्रिया, हवाई अड्डे पर सहायता, बहुभाषी समन्वयक, डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड, उपचार की पारदर्शी लागत, उपचार के बाद नियमित फॉलो-अप तथा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सेवाएं शामिल हैं। यदि दिल्ली को थाईलैंड, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे स्थापित मेडिकल टूरिज्म केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करनी है, तो इन सुविधाओं को सभी सहभागी अस्पतालों में अनिवार्य रूप से लागू करना होगा।

**निजी अस्पतालों के साथ साझेदारी बनेगी निर्णायक आधार-** दिल्ली सरकार की मेडिकल टूरिज्म नीति का सबसे महत्वपूर्ण और आशाजनक पक्ष यह है कि प्रारंभिक चरण में पांच प्रमुख निजी अस्पतालों तथा 25 NABH (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) से मान्यता प्राप्त अस्पतालों के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय मरीजों के लिए एक संगठित स्वास्थ्य सेवा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई गई है। यह पहल इस सोच को दर्शाती है कि विदेशी मरीज केवल उत्कृष्ट इलाज ही नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय गुणवत्ता, सुरक्षा और सहज सेवाओं की भी अपेक्षा रखते हैं। NABH की मान्यता भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का सर्वोच्च मानक मानी जाती है। यह मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, क्लीनिकल गवर्नेंस और नैतिक चिकित्सा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों को सुनिश्चित करती है। वर्ष 2026 तक भारत में 1,200 से अधिक NABH मान्यता प्राप्त अस्पताल मौजूद हैं, जो देश को वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, फोर्टिस, बीएलके-मैक्स और सर गंगा राम जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल पहले से ही अंतरराष्ट्रीय मरीजों के बीच अपनी विश्वसनीय पहचान बना चुके हैं। अंग प्रत्यारोपण, हृदय शल्य चिकित्सा, कैंसर उपचार, अस्थि रोग, न्यूरोसाइंस तथा रोबोटिक सर्जरी जैसे जटिल उपचारों में इन संस्थानों की विशेषज्ञता दिल्ली की वैश्विक पहचान को और मजबूत कर सकती है। हालांकि, केवल अस्पतालों का चयन कर लेना पर्याप्त नहीं होगा। सभी सहभागी अस्पतालों को एक समन्वित व्यवस्था के तहत कार्य करना होगा। प्रत्येक अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय मरीज सहायता केंद्र, बहुभाषी दुभाषिए, हवाई अड्डे से सहायता, होटल साझेदारी, डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड, पारदर्शी उपचार पैकेज, यात्रा से पूर्व टेली-कंसल्टेशन तथा उपचार के बाद नियमित फॉलो-अप जैसी सुविधाओं को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही, दिल्ली सरकार को 'दिल्ली मेडिकल टूरिज्म फेसिलिटेशन सेल' की स्थापना पर भी विचार करना चाहिए, जो मेडिकल वीजा, हवाई अड्डे पर स्वागत, आवास व्यवस्था, बीमा सहायता, शिकायत निवारण तथा अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों का समन्वय करे। ऐसी केंद्रीकृत व्यवस्था विदेशी मरीजों का विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल और प्रभावी बनाएगी।

**भारतीय मरीजों के हित सर्वोपरि रहें-** मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने की प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है कि देश के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों। दिल्लीवासियों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों को जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी, जबकि निजी अस्पतालों को भी भारतीय मरीजों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

गुणवत्ता और विश्वसनीयता इस पूरी पहल की आधारशिला होंगी। अस्पतालों की मान्यता, मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, नैतिक चिकित्सा पद्धतियां तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था ही दिल्ली की अंतरराष्ट्रीय साख को मजबूत करेंगी। चिकित्सा लापरवाही अथवा अनैतिक व्यावसायिक गतिविधियों की एक भी गंभीर घटना भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा सकती है।

**समग्र स्वास्थ्य मॉडल की आवश्यकता-** यह पहल केवल आधुनिक चिकित्सा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। दिल्ली के पास आधुनिक चिकित्सा को योग, आयुर्वेद, वेलनेस, पुनर्वास तथा निवारक स्वास्थ्य जांच जैसी भारतीय स्वास्थ्य परंपराओं के साथ जोड़ने की व्यापक संभावनाएं हैं। ऐसा समन्वित मॉडल भारत को अन्य देशों से अलग पहचान देगा और वैश्विक मरीजों के लिए एक विशिष्ट आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

भारत सरकार द्वारा देश को वैश्विक मेडिकल वैल्यू ट्रैवल हब बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास दिल्ली सरकार की इस पहल के पूरक हैं। यदि केंद्र और दिल्ली सरकार समन्वित रूप से कार्य करें, तो अस्पतालों के आधारभूत ढांचे, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन और मरीज-केंद्रित व्यवस्थाओं में निवेश के माध्यम से दिल्ली को एशिया के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में विकसित किया जा सकता है।

**निष्कर्षः** दिल्ली सरकार की मेडिकल टूरिज्म नीति स्वास्थ्य क्षेत्र और अर्थव्यवस्था, दोनों के लिए दूरगामी संभावनाओं से भरपूर है। यदि इसे पारदर्शी प्रशासन, विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन और निजी क्षेत्र की प्रभावी भागीदारी के साथ लागू किया जाता है, तो दिल्ली आने वाले वर्षों में एशिया के प्रमुख मेडिकल टूरिज्म केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दौड़ में भारतीय नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता प्रभावित न हो। अंततः इस नीति की सफलता केवल विदेशी मरीजों की संख्या या विदेशी मुद्रा अर्जन से नहीं, बल्कि उपचार की गुणवत्ता, वैश्विक विश्वास, पारदर्शिता और सभी मरीजों के लिए समान रूप से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की क्षमता से आंकी जाएगी।

## आदिल आब्दी : जिसने माँ के लिए बॉलीवुड छोड़ दिया



लोकतंत्र की शान

हर दौर कुछ ऐसे चेहरों को जन्म देता है जो अपनी प्रतिभा से लोगों का ध्यान तो खींच लेते हैं, लेकिन किसी मोड़ पर उनकी ज़िंदगी ऐसा रास्ता चुन लेती है, जहाँ शोहरत पीछे छूट जाती है। आदिल आब्दी भी उन्हीं दुर्लभ नामों में शामिल हैं—एक ऐसा व्यक्तित्व, जिसने मॉडलिंग की दुनिया में उल्लेखनीय सफलता हासिल की, फिल्मों की दहलीज़ तक पहुँचा, लेकिन अंततः अपनी मंज़िल से अधिक अपने जीवन-मूल्यों को चुना। आज की पीढ़ी शायद उनका नाम बहुत कम जानती हो, लेकिन 1980 के दशक के उत्तरार्ध और 1990 के शुरुआती वर्षों में भारतीय विज्ञापन जगत का कोई भी जानकार आदिल आब्दी को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता था। वह समय प्रिंट विज्ञापनों का स्वर्णकाल था। अख़बार, पत्रिकाएँ और शहरों के विशाल होर्डिंग ही किसी मॉडल की लोकप्रियता का पैमाना होते थे। इन्हीं माध्यमों के ज़रिए आदिल आब्दी देशभर में पहचाने जाने लगे। लखनऊ से निकलकर मुंबई पहुँचे आदिल ने बहुत कम समय में विज्ञापन जगत में अपनी अलग पहचान बना ली। उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और कैमरे के सामने सहज अभिव्यक्ति ने उन्हें उस दौर के प्रमुख पुरुष मॉडलों की कतार में ला खड़ा किया। उन्होंने उस समय की अनेक प्रतिष्ठित टेक्सटाइल कंपनियों के लिए मॉडलिंग की। मफतलाल, आई.सी. गांधी फैब्रिक्स, सुभाष फैब्रिक्स, मधुरा कोट्स, सुपरशीन थ्रेड्स और राममिका जैसे बड़े ब्रांड उनके चेहरे के साथ जुड़े। कपड़ा उद्योग के अतिरिक्त उन्होंने प्रिया पिकल्स, टीवीएस मोटरसाइकिल, हीरो साइकिल्स और गैलॉप्स रेस्टोरेंट जैसे प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों के विज्ञापनों में भी काम किया। उनके विज्ञापन देशभर के समाचार-पत्रों, लोकप्रिय पत्रिकाओं और बड़े-बड़े होर्डिंग्स पर दिखाई देते थे। उनकी लोकप्रियता केवल विज्ञापनों तक सीमित नहीं रही। उस समय देश की प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी पत्रिका Eve's Weekly ने उन्हें अपने आवरण पृष्ठ पर एकल मॉडल के रूप में प्रकाशित किया। यह उपलब्धि किसी भी मॉडल के लिए बड़ी सफलता मानी जाती थी। इसके अलावा Society जैसी प्रतिष्ठित लाइफ़स्टाइल पत्रिका और कई चर्चित हिंदी पत्रिकाओं के विशेषांकों के मुखपृष्ठ पर भी उनका चेहरा दिखाई दिया। उस दौर में किसी मॉडल का राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं के कवर पर आना इस बात का प्रमाण था कि वह अपने पेशे के शीर्ष कलाकारों में गिना जा रहा है। प्रिंट मीडिया की सफलता के समानांतर आदिल ने विज्ञापन फिल्मों में भी उल्लेखनीय काम किया। जीप टॉर्च के विज्ञापन में उन्होंने अभिनेत्री रिया पिल्लई के साथ स्क्रीन साझा की। मर्फी टू-इन-वन के प्रचार अभियान में वे किरण जुनेजा के साथ दिखाई दिए, जबकि स्विश ब्लेड के विज्ञापन में उनके सह-कलाकार जैकी श्रॉफ थे। आदिल आब्दी ने अपने समय की चर्चित मॉडल और सोनू वालिया के साथ भी कई विज्ञापन अभियानों और फोटोशूट में मॉडलिंग की। इन विज्ञापनों ने उन्हें एक ऐसे मॉडल के रूप में स्थापित किया, जो कैमरे के सामने उतना ही प्रभावशाली था जितना किसी फ़िल्मी अभिनेता को होना चाहिए। व्यावसायिक विज्ञापनों के साथ-साथ आदिल आब्दी ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने भारत सरकार के जन-जागरूकता अभियानों और Films Division of India द्वारा निर्मित कई वृत्तचित्रों में अभिनय किया। परिवार नियोजन से जुड़े 'निरोध' अभियान सहित अनेक शैक्षिक फिल्मों में उनकी भागीदारी रही। उस समय ये फ़िल्में देशभर में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम थीं। इसी दौरान उनका रुझान टेलीविज़न की ओर भी बढ़ा। वे "बैताल पच्चीसी" और "ज़िंदगी एक सफ़र" जैसे दूरदर्शन पर प्रसारित लोकप्रिय धारावाहिकों में भी दिखाई दिए। छोटे पर्दे पर उनकी सशक्त उपस्थिति ने यह संकेत देना शुरू कर दिया था कि वे अभिनय की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। मुंबई में उनकी लगातार बढ़ती सफलता ने फ़िल्म उद्योग का ध्यान भी आकर्षित किया। कई निर्माता और निर्देशक उन्हें बड़े पर्दे पर अवसर देने के इच्छुक थे। उनका व्यक्तित्व, कैमरा-फ्रेंडली चेहरा और स्वाभाविक अभिनय यह संकेत दे रहा था कि वे आने वाले वर्षों में हिंदी सिनेमा के नए नायकों में शामिल हो सकते हैं। लेकिन यहीं उनकी कहानी बाकी संघर्षरत कलाकारों से अलग हो जाती है। जहाँ अधिकांश लोग मुंबई में टिके रहने और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, वहीं आदिल आब्दी ने एक ऐसा निर्णय लिया जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने चमक-दमक से भरी मायानगरी छोड़कर लखनऊ लौटने का फैसला किया। इस निर्णय के पीछे कोई असफलता नहीं थी, न ही अवसरों की कमी। इसके पीछे था अपनी माँ के प्रति उनका गहरा प्रेम और समर्पण। वे मानते थे कि जीवन में परिवार का साथ किसी भी प्रसिद्धि से अधिक मूल्यवान है। अपनी माँ की सेवा और उनके साथ रहने के लिए उन्होंने वह रास्ता छोड़ दिया, जिस पर चलते हुए शायद वे बॉलीवुड के बड़े सितारों में शामिल हो सकते थे। समय बीत गया। विज्ञापन बदल गए, चेहरे बदल गए और मनोरंजन की दुनिया ने नई पीढ़ियों का स्वागत किया। लेकिन जब उस दौर के पुराने विज्ञापन, पत्रिकाएँ और डॉक्यूमेंट्री फ़िल्में आज भी सामने आती हैं, तो आदिल आब्दी का व्यक्तित्व उसी गरिमा के साथ उभरता है। उनका चेहरा उस समय की पेशेवर मॉडलिंग की उत्कृष्टता और सादगी—दोनों का प्रतीक दिखाई देता है। आदिल आब्दी की कहानी केवल एक सफल मॉडल की जीवनी नहीं है। यह उन दुर्लभ लोगों की कहानी है, जो जीवन में सफलता पाने के बाद भी यह तय करते हैं कि उन्हें किस कीमत पर सफलता स्वीकार करनी है। उन्होंने शोहरत को ठुकराया नहीं, बल्कि अपने जीवन की प्राथमिकताओं को उससे ऊपर रखा। शायद इसी कारण आदिल आब्दी का नाम केवल विज्ञापन जगत की उपलब्धियों के कारण याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उस साहसिक निर्णय के लिए भी, जिसमें उन्होंने सपनों की नगरी से लौटकर अपने परिवार, अपने शहर और अपने मूल्यों को चुना। कुछ सितारे आसमान पर लंबे समय तक चमकते हैं, और कुछ अपनी अधूरी चमक के बावजूद लोगों की स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाते हैं। आदिल आब्दी उन्हीं दुर्लभ सितारों में से एक हैं—एक ऐसा सितारा, जो यदि मुंबई में ठहर जाता, तो संभव है बॉलीवुड का इतिहास कुछ और होता।

## बरसा आसमान का कहरः लंबे इंतज़ार के बाद मानसून ने दिखाया रौद्र रूप, देशभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त




लेखक- कांतिलाल मांडोत

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपये की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई। सबसे अधिक असर महाराष्ट्र में देखने को मिला। रायगढ़ जिले के जेनिथ वॉटरफॉल पर घूमने पहुंचे करीब 100 पर्यटक अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने से बीच में फंस गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि प्रशासन को तत्काल राहत एवं बचाव दल भेजना पड़ा। रस्सियों की सहायता से सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह घटना बताती है कि मानसून के दौरान प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। वहीं मुंबई महानगर और उसके आसपास के इलाकों में लगातार बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी। वसई और नालासोपारा की सड़कें नदी में तब्दील हो गईं, जहां लगभग 20 कारें पानी में डूब गईं। कई स्थानों पर वाहन बहने लगे। मुंबई में 64 पेड़ गिरने और आठ मकानों की दीवारें ढहने की घटनाएं सामने आईं। आरे कॉलोनी में पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिसने बारिश के बीच सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। पुणे में लगातार बारिश के कारण एक रिहायशी सोसायटी की चहारदीवारी ढह गई, जिससे पार्किंग में खड़ी सात कारें और सात मोटरसाइकिलें मलबे में दब गईं। ठाणे में पाइपलाइन फटने से सड़कें जलमग्न हो गईं। जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। महानगर की पुरानी जल निकासी व्यवस्था एक बार फिर भारी बारिश के सामने बेबस नजर आई। गुजरात में भी मानसून ने जमकर तबाही मचाई। जूनागढ़ में कई रिहायशी इलाकों में चार-चार फुट तक पानी भर गया। हालात ऐसे हो गए कि लोगों को नावों के सहारे सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को दैनिक कार्यों के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। भावनगर में तेज बहाव में एक कार बह गई। अहमदाबाद सहित कई शहरों में सड़कें जलमग्न हो गईं और सामान्य जीवन प्रभावित हो गया। दुकानों, घरों और छोटे व्यवसायों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मात्र आधे घंटे की बारिश ने पूरे शहर की तस्वीर बदल दी। कई इलाकों में घरों के भीतर घुटनों तक पानी भर गया। टाटीबंध सहित अनेक कॉलोनियों में लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई और लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा। कई परिवारों को अपने घर छोड़कर रिश्तेदारों या सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बारिश का पानी घरों में घुसने से छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश में भी मानसून का असर बेहद गंभीर रहा। कई जिलों में नदियां उफान पर पहुंच गईं और पुलों के ऊपर से पानी बहने लगा। श्योपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। आष्टा क्षेत्र में डूबने से दो मासूम बच्चों की जान चली गई। हरदा जिले में नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया कि पुलों पर आवागमन रोकना पड़ा। कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया। उत्तर प्रदेश में कानपुर सहित कई शहरों में सड़कें जलमग्न हो गईं। घुटनों तक पानी भरने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों में भी लगातार बारिश के कारण प्रशासन को अलर्ट जारी करना पड़ा। हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

# भारतीय पीएम की इंडो- पैसिफिक यात्रा 6-11 जुलाई 2025 :भारत की एक्ट ईस्ट नीति का नया अध्याय और हिंद- प्रशांत में उभरती वैश्विक शक्ति की रणनीति- व्यापक समग्र विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» भारत की इस इंडो-पैसिफिक यात्रा को अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ 2026 की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहलों में से एक मान रहे हैं

» 21वीं सदी की वैश्विक कूटनीति में भारत का उभरता रणनीतिक नेतृत्व-इंडो- पैसिफिक यात्रा को एक्ट ईस्ट नीति के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया -वैश्विक स्तरपर भारतीय पीएम की 6 से 11 जुलाई 2026 तक की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की छह दिवसीय यात्रा जिसपर भारत से पूरे विश्व की नज़रें लगी हुई है,केवल तीन देशों काराजनयिक दौरा नहीं है, बल्कि यह भारत की लगभग एक दशक से अधिक समय से विकसित हो रही एक्ट ईस्ट नीति का सबसे परिपक्व और व्यापक स्वरूप है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हिंद- प्रशांत क्षेत्र विश्व राजनीति, वैश्विक अर्थव्यवस्था,समुद्री व्यापार, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और सामरिक संतुलन का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है, विश्व की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी का बड़ा हिस्सा और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार काअधिकांश भाग इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि भारत का इस क्षेत्र में सक्रिय,संतुलित और बहु आयामी नेतृत्व केवल उसकी विदेश नीति का विस्तार नहीं बल्कि उसकी वैश्विक भूमिका का पुनर्परिभाषण भी है। यही कारण है कि इस यात्रा को एक्ट ईस्ट नीति के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।यह यात्रा केवल एक नियमित विदेश दौरा नहीं है, बल्कि यह उस बदलती वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक है जिसमें भारत स्वयं को हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) क्षेत्र के एक उत्तरदायी, विश्वसनीय और निर्णायक साझेदार के रूप में स्थापित कर रहा है।जिसपर भारत से पूरे विश्व की नजरें लगी हुई है इस यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति, मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक,समुद्री सुरक्षाव्यापार प्रौद्योगिकी, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखला और लोगों के बीच संबंधों को नई गति देना है। इस दौरान तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से द्विपक्षीय वार्ता, व्यापारिक समुदाय से संवाद और भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संपर्क कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। साथियों, आज विश्व की भू-राजनीति का केंद्र तेजी से हिंद -प्रशांत क्षेत्र की ओर स्थानांतरित हो रहा है। वैश्विक समुद्री व्यापार का बड़ा भाग इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है, जबकि ऊर्जा आपूर्ति,डिजिटल कनेक्टिविटी और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क भी इसी क्षेत्र पर निर्भर हैं। ऐसे समय में भारत का उद्देश्य केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं है,बल्कि एक ऐसी व्यवस्था को मजबूत करना भी है जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून,नौवहन की स्वतंत्रता और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान बना रहे। यही कारण है कि इस यात्रा को अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ 2026 की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहलों में से एक मान रहे हैं।भारत की एक्ट ईस्ट नीति अब केवल दक्षिण- पूर्व एशिया के साथ सांस्कृतिक संबंधों तक सीमित नहीं रही। यह आर्थिक,सामरिक,तकनीकी और समुद्री साझेदारी का व्यापक ढांचा बन चुकी है। इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड इस रणनीति के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। साथियों, इंडोनेशिया विश्व का सबसे बड़ा मुस्लिम-बहुल लोकतंत्र है और मलक्का जलडमरूमध्य के निकट उसकी रणनीतिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऑस्ट्रेलिया महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत सुरक्षा का प्रमुख भागीदार है, जबकि न्यूज़ीलैंड के साथ व्यापार, कृषि, शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएँ हैं।इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक आयाम चीन के बढ़ते प्रभाव की पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।भारत ने कहीं भी प्रत्यक्ष टकराव की नीति नहीं अपनाई है,लेकिन वह नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संतुलित शक्ति संरचना का समर्थन करता है। दक्षिण चीन सागर, समुद्री मार्गों और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रश्नों पर भारत समान विचार वाले देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह यात्रा किसी सैन्य गठबंधन का संदेश नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, संतुलन और साझेदारी का संकेत है।भारत और इंडोनेशिया के संबंध इस यात्रा में विशेष महत्व रखते हैं। दोनों देश हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले समुद्री क्षेत्र में स्थित हैं। रक्षा सहयोग,समुद्री निगरानी, डिजिटल साझेदारी, बंदरगाह विकास और संभावित रक्षा निर्यात जैसे विषय एजेंडे में शामिल हैं। विशेष रूप से ब्रह्मोस मिसाइल और समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चर्चा अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समुदाय की निगाहों में है। साथियों, ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंध पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व गति से मजबूत हुए हैं। आज दोनों देश केवल लोकतांत्रिक साझेदार नहीं बल्कि महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी भी हैं।रक्षा अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा, विज्ञान तथा महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति इस संबंध के प्रमुख आधार बन चुके हैं।विशेष रूप से लिथियम, कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिज भारत के ऊर्जा संक्रमण और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।विश्व अर्थव्यवस्था आज आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है। महामारी, भू- राजनीतिक तनाव और क्षेत्रीय संघर्षों ने देशों को विश्वसनीय साझेदार खोजने के लिए प्रेरित किया है। भारत इस अवसर को विश्वसनीय विनिर्माण केंद्र के रूप में बदलना चाहता है। यदि इस यात्रा के दौरान व्यापार, निवेश, लॉजिस्टिक्स और महत्वपूर्ण खनिजों पर नए समझौते आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव भारतीय उद्योग,रोजगार और निर्यात पर भी सटीकता से दिखाई दे सकता है। साथियों, न्यूज़ीलैंड यात्रा का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि कई दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह महत्वपूर्ण राजकीय यात्रा मानी जा रही है। कृषि अनुसंधान, डेयरी प्रौद्योगिकी,खाद्य प्रसंस्करण शिक्षा, पर्यटन और मुक्त व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाएँ खुल सकती हैं। दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के संबंध और भारतीय समुदाय भी इस साझेदारी की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। भारत की समुद्री नीति अब केवल तटीय सुरक्षा तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर में मानवीय सहायता, आपदा राहत,समुद्री डकैती विरोधी अभियान,समुद्री पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित समुद्री व्यापार मार्ग भारत की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसी संदर्भ में भारत का मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण विश्व समुदाय के लिए भी सटीकता से महत्वपूर्ण बन गया है। साथियों, इस यात्रा में व्यापारिक समुदाय के साथ होने वाली बैठकों का भी विशेष महत्व है। भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप, हरित ऊर्जा, रक्षा विनिर्माण और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करने की भारत की क्षमता लगातार बढ़ रही है। यदि इन क्षेत्रों में नई साझेदारियाँ बनती हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और दीर्घकालिक निवेश वातावरण पर पड़ सकता है।भारतीय प्रवासी समुदाय इस पूरी यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम है।ऑस्ट्रेलिया,न्यूज़ीलैंड और इंडोनेशिया में बसेभारतीय मूल के लोग शिक्षा,व्यापार, विज्ञान चिकित्सा और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन समुदायों के साथ संवाद भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करता हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि 21वीं सदी की विश्व व्यवस्था केवल सैन्य शक्ति से निर्धारित नहीं होगी। तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला, समुद्री संपर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु सहयोग और विश्वसनीय साझेदारियाँ भविष्य की शक्ति के वास्तविक आधार होंगे। भारत की यह यात्रा इन्हीं सभी आयामों को एक साथ जोड़ने का प्रयास है।इस पूरी यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आयाम हिंद-प्रशांत की सामरिक संरचना में भारत की बढ़ती भूमिका है। भारत लगातार यह स्पष्ट करता रहा है कि उसका उद्देश्य किसी देश के विरुद्ध सैन्य गठबंधन बनाना नहीं, बल्कि ऐसा क्षेत्रीय वातावरण तैयार करना है जहाँ सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान हो,समुद्री मार्ग सुरक्षित रहें, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन हो और छोटे-बड़े सभी देशों को समान अवसर मिलें। यही दृष्टिकोण भारत को एक संतुलित, विश्वसनीय और जिम्मेदार शक्ति के रूप में स्थापित करता है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि भारतीय पीएम की इंडो- पैसिफिक यात्रा को केवल तीन देशों की यात्रा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।यह भारत की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है जिसके माध्यम से वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन,सहयोग,आर्थिक विकास और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था का समर्थक बनकर उभरना चाहता है। यदि इस यात्रा से व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और निवेश के क्षेत्रों में ठोस प्रगति होती है, तो इसका प्रभाव केवल भारत तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक और आर्थिक संरचना पर भी दिखाई देगा। यही कारण है कि विश्व के नीति-निर्माता,रणनीतिक विशेषज्ञ, निवेशक और सामान्य नागरिक इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के रूप में देख रहे हैं।




-संकलनकर्ता लेखक - क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र
9226229318

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया फाइनल के बाद टॉप-10 बल्लेबाज व गेंदबाज

# श्री चरणी का जलवा



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार (5 जुलाई) को इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर 7वीं बार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड की डैनी व्याट हॉज ने बनाए। उन्होंने 302 रन बनाए ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी दूसरे नंबर पर रहीं। उन्होंने 238 रन बनाए। इंग्लैंड की नट साइवर ब्रंट तीसरे नंबर पर रहीं। टॉप-10 बल्लेबाजों में दो भारतीय स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा भी हैं। स्मृति ने 205 और शैफाली ने 179 रन बनाए। टॉप-10 गेंदबाजों की बात करें तो भारतीय स्पिनर श्री चरणी शीर्ष पर रहीं। उन्होंने 15 विकेट लिए। इंग्लैंड की सोफी मोलिन्यू दूसरे, पाकिस्तान की फातिमा सना तीसरे नंबर रही। दोनों ने 1-1 विकेट लिए। इंग्लैंड सोफी एक्लेस्टोन चौथे और हेली मैथ्यूज चौथे नंबर पर रहीं। दोनों ने 10-10 विकेट लिए। इंग्लैंड की शार्लेट डीन ने भी 10 विकेट झटके।



# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता खिताब

## फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

**लंदन (एजेंसी)।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में खेला गया। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी और फीबी लिचफील्ड की शानदार पारी व शतकीय साझेदारी के दम पर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 7वीं बार महिला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का गौरव हासिल किया। इंग्लैंड का अपने घर में चैंपियन बनने का सपना टूट गया और उसे उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था और इसके बाद इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 151 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 17.1 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया।



### ऑस्ट्रेलिया की पारी में बेथ मूनी का शानदार अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम की ओपनर जॉर्जिया वोल 9 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठीं। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली और आउट हो गईं, लेकिन उन्होंने दूसरे विकेट के लिए बेथ मूनी के साथ मिलकर 67 गेंदों पर 100 रन की साझेदारी की। बेथ मूनी ने अपना अर्धशतक 38 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने 49 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली। एलिस पेरी 13 रन बनाकर जबकि एश्ले गार्डनर 3 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए शार्लेट डीन, लॉरेन बेल और सोफी एक्लेस्टोन ने एक-एक विकेट लिए।

## इंग्लैंड की घर में पहली हार

- ऑस्ट्रेलिया तीसरी बार बगैर हारे बना चैंपियन, बेथ मूनी ने रचा इतिहास

महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड की टीम रविवार (5 जुलाई) को पहली बार घरेलू सरजमीं पर हारी और दूसरी बार खिताब जीतने का उसका सपना टूट गया। वह घरेलू सरजमीं पर महिला टी20 विश्व कप में 12 मैच में 11 जीत दर्ज की है। वह पहली बार अपनी मेजाबनी में विश्व कप हारी। ऑस्ट्रेलिया ने उसका विजय रथ रोककर 7वीं बार खिताब अपने नाम किया। वह तीसरी बार टूर्नामेंट में एक भी मैच हारे बगैर चैंपियन बनी।

ऑस्ट्रेलिया की जीत में बेथ मूनी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लगातार तीसरी बार फाइनल में अर्धशतक लगाया। बेथ मूनी महिला टी20 वर्ल्ड कप में दो बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बनीं। इससे पहले वह 2020 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं। पुरुषों में यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है।

### प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

मूनी टी20 वर्ल्ड कर फाइनल (2023 और 2026) में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाली पहली खिलाड़ी हैं। मार्लन सैमुअल्स पुरुषों (2012 और 2016) में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले अकेले खिलाड़ी हैं। मूनी महिला टी20 विश्व कप के एक संस्करण में फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बनीं। 2024 में अमेलिया केर भी फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं।

## दासुन शनाका ने 4 गेंद पर झटके 4 विकेट, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम हारी

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 में दासुन शनाका ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सिएटल ऑर्कस को जीत दिला दी। टेक्सास सुपर किंग्स को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। शनाका ने 4 गेंद पर 4 विकेट झटके और टेक्सास सुपर किंग्स ने 9 रन से जीत दर्ज की।

जीत के लिए 122 रन का पीछा करते हुए टेक्सास सुपर किंग्स ने आखिरी ओवर में 107 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। डोनोवन फरेरा और शुभम रंजना क्रीज पर थे। फरेरा ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया था। फिर रंजना ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर शनाका को चौका जड़ा, जिससे पांच गेंदों पर 11 रन चाहिए थे।

**शनाका ने फरेरा, सैवेज, मिल्ने और डी सिल्वा को आउट किया-** दो गेंद बाद फरेरा एक धीमी गेंद पर आउट हो गए। फिर केल्विन सैवेज लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हुए। एडम मिल्ने ने हैट्रिक गेंद का सामना किया और बड़े शॉट के प्रयास में आउट हो गए। शनाका ने आखिरी गेंद पर अमशी डी सिल्वा को शिमरोन हेटमायर के हाथों कैच करा दिया।





# वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25.57 लाख इकाई: फाडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25,57,234 इकाई हो गई। वाहन विक्रेता संघ फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून 2025 में 20,98,996 इकाई रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बयान में कहा कि यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जून में 28.63 प्रतिशत बढ़कर 4,10,853 इकाई रही जो जून 2025 में 3,19,412 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.22 प्रतिशत बढ़कर 18,28,458 इकाई हो गई जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 15,08,378 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जून में तिपहिया वाहनों की बिक्री 1,04,035 इकाई से सालाना आधार पर 16.2 प्रतिशत बढ़कर 1,20,889 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 16.88 प्रतिशत बढ़कर 90,972 इकाई हो गई, जबकि जून 2025 में यह 77,836 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, भारतीय वाहन खुदरा कारोबार के लिए जून एक ऐतिहासिक महीना रहा। यह अब तक का सबसे बेहतर जून का महीना रहा जिसमें दोपहिया, तिपहिया,



वाणिज्यिक वाहन, यात्री वाहन और कुल पंजीकरण सभी खंडों में अब तक का रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज हुआ। जुलाई के परिदृश्य पर फाडा ने कहा कि उद्योग जगत के डीलर का रुख सकारात्मक बना हुआ है। 51.24 प्रतिशत डीलर को वृद्धि की उम्मीद है, 41.79 प्रतिशत बाजार के स्थिर रहने का अनुमान लगा रहे हैं, जबकि केवल 6.97 प्रतिशत को गिरावट की आशंका है। वाहन डीलर संगठन ने कहा, उम्मीदें इस बात पर टिकी हैं कि मानसून अपनी कमी पूरी करेगा, खरीफ बुवाई गति पकड़ेगी और पश्चिम एशिया में युद्धविराम तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद आपूर्ति सामान्य बनी रहेगी। फाडा ने कहा, कुल मिलाकर जुलाई 2026 का परिदृश्य सतर्कतापूर्ण आशावादी दिखता है। त्योहारी मौसम से पहले मानसून की भरपाई और ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह प्रमुख कारक रहेंगे। बयान के अनुसार, यात्री वाहन खंड ने जुलाई में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और सीएनजी मॉडल की मजबूत बुकिंग तथा नए मॉडल पेश किए जाने के साथ प्रवेश किया है, जबकि माल ढुलाई तथा बुनियादी ढांचा गतिविधियों के चलते वाणिज्यिक वाहन खंड स्थिर रहने की संभावना है। वहीं मानसून सामान्य होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह में सुधार तथा ईवी और ईंधन-कुशल मॉडल की बढ़ती मांग से दोपहिया वाहन खंड को समर्थन मिलेगा। हालांकि, कम वर्षा वाले क्षेत्रों और जुलाई में वाहन कंपनियों की मूल्य वृद्धि के कारण कुछ खरीदार इंतजार की रणनीति अपना सकते हैं। जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए फाडा ने कहा कि डीलरों का भरोसा काफी मजबूत हुआ है। 66.17 प्रतिशत डीलर को वृद्धि की उम्मीद है, जो हाल के सर्वेक्षणों में सबसे मजबूत मध्यम अवधि का संकेत है जबकि केवल 3.98 प्रतिशत को गिरावट की आशंका है।

# मैच्योरिटी से पहले ही छोड़ रहे लोग लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसीज से समय से पहले ही बाहर निकलने वाले पॉलिसीधारकों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। केंद्रीय बैंक की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में कहा गया है कि अब सरेंडर और निकासी की रकम मैच्योरिटी पर मिलने वाले पेमेंट से ज्यादा हो गई है। इसे पॉलिसीधारकों की असंतुष्टि और संभावित मिस-सेलिंग का संकेत माना गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने कुल 7.3 लाख करोड़ रुपए के बेनिफिट्स का भुगतान किया, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह राशि लगभग 5 लाख करोड़ रुपए थी। इनमें सरेंडर और निकासी का हिस्सा 38.3 प्रतिशत रहा, जबकि मैच्योरिटी बेनिफिट्स का हिस्सा 36.9 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके तहत ग्राहकों को पॉलिसी के लाभ और शर्तों की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य किया जा सकता है। उद्योग के पिछले आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में बीमा कंपनियों ने कुल 6.3 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया था। इसमें 2.3 लाख करोड़ रुपए सरेंडर और निकासी तथा 2.2 लाख करोड़ रुपए मैच्योरिटी बेनिफिट्स के रूप में दिए गए थे।

# ई 20, एक्सपी 95 या एक्सपी 100: आपकी गाड़ी के लिए कौन-सा पेट्रोल है सबसे बेहतर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इन दिनों इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो मौजूद हैं जिनमें दावा किया गया है कि ई 20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन) के इस्तेमाल से गाड़ियों के माइलेज में कमी आई है। साथ ही गाड़ी के इंजन में भी खराबी आ रही है। इस बीच एक्सपी 95 और एक्सपी 100 पेट्रोल के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है।

साधारण पेट्रोल यह ईंधन है जो इस समय देश के सभी पेट्रोल पंप पर मिल रहा है। यह नंबर जितना ज्यादा होता है, पेट्रोल को उतना ही बेहतर माना जाता है। यानी ऑक्टेन रेटिंग जितनी अधिक होगी, इंजन की नॉकिंग उतनी ही कम होगी और पावर उतनी ही बेहतर होगी।




इस समय देश के सभी पेट्रोल पंपों पर साधारण पेट्रोल का मतलब ई 20 पेट्रोल है। यानी पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिला हुआ है। यह पेट्रोल साधारण कार और बाइक के लिए बेहतर माना जाता है। इसकी कीमत करीब 100 रुपये प्रति लीटर है। यह कीमत अलग-अलग शहरों में अलग हो सकती है। इसका रंग हल्का पीला या हल्का गुलाबी होता है। यह कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करता है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बन जाता है। यह अल्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल होता है। यह 100 एक्सपी पेट्रोल होता है। यानी इसमें 100 फीसदी ऑक्टेन होता है। इसमें इथेनॉल मिक्स नहीं होता। यह पेट्रोल हाई परफॉर्मेंस सुपरकार यानी स्पोर्ट्स कार (जैसे फेरारी, पोर्श, लेम्बोर्गिनी आदि) और सुपरबाइक्स यानी स्पोर्ट्स बाइक में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी कीमत 150 रुपये से 160 रुपये प्रति लीटर है। यह पेट्रोल लाल रंग का होता है। यह प्रीमियम हाई-ऑक्टेन पेट्रोल है। यह 95 एक्सपी पेट्रोल होता है। यह भी इथेनॉल मिश्रित होता है। इसमें 15 फीसदी इथेनॉल मिला होता है। यानी एक्सपी 95 को ई 15 पेट्रोल भी कहते हैं। इसे साधारण पेट्रोल के मुकाबले कुछ बेहतर माना गया है। यह पेट्रोल लग्जरी गाड़ियां, टर्बोचार्ज्ड इंजन, आधुनिक मोटरसाइकिल और कार (प्रीमियम हैचबैक और सेडान) आदि के लिए बेहतर है। इसका रंग ओरेंज या गोल्डन होता है। इसकी कीमत 100 रुपये से 120 रुपये प्रति लीटर के बीच है। यह पेट्रोल उन गाड़ियों के बेहतर माना जाता है जिनका इंजन मॉडर्न, हाई परफॉर्मेंस और हाई-कंप्रेशन वाला होता है। इस पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ी के इंजन की एंटी-नॉकिंग प्रॉपर्टी बेहतर होती है।

### एक्सपी 100 पेट्रोल की खासियतें

इसमें विशेष प्रकार के डिटर्जेंट्स और फ्रिक्शन मॉडिफायर्स मिलाए जाते हैं। यह इंजन के भीतर कार्बन जमा होने को रोकता है। इंजन साफ रहने के कारण गाड़ी की परफॉर्मेंस बनी रहती है और बार-बार गैरेज के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। यह मुख्य रूप से उन प्रीमियम और हाई-परफॉर्मेंस गाड़ियों के लिए बेस्ट है, जिन्हें हाई-ऑक्टेन फ्यूल की जरूरत होती है। जिससे इंजन बेहतर तरीके से काम करता है।

इस बहुत तेजी से और आसानी से जलता है। इससे गाड़ियों का एक्केलेरेशन बेहतर होता है और इंजन के अंदरूनी भागों को साफ रखता है।

# जिद से बना दिया 5 करोड़ का ब्रांड

## सिर्फ 3 लाख की सेविंग से शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईशा अग्रवाल मुंबई की रहने वाली हैं।



उन्होंने बहुत मामूली पूंजी से सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। जियो फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनी की कॉर्पोरेट नौकरी को अलविदा कहने के बाद उन्होंने इसकी नींव रखी। उनके स्टार्टअप का नाम 'ट्विस्टी लॉक्स' है। यह आज 5 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाला बच्चों का बड़ा ज्वेलरी ब्रांड बन चुका है। आइए, यहां ईशा अग्रवाल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

ईशा अग्रवाल ने साल 2023 में अपनी बेटी के जन्म के बाद मैटरनिटी लीव ली। फिर 2024 में 'जियो फाइनेंस' की ट्रेजरी टीम में शामिल हो गईं। कॉर्पोरेट की दुनिया अच्छी चल रही थी। लेकिन, नवंबर 2024 में पिता के अचानक निधन ने उनकी जिंदगी बदल दी। दुख की इस घड़ी में उन्होंने अपनी मां के साथ मिलकर पारिवारिक बिजनेस संभालने में हाथ बंटाया। भले ही वह काम थका देने वाला था। लेकिन, दिन के अंत में उन्हें एक अलग तरह का संतोष मिलता था। इसी अहसास ने उन्हें कॉर्पोरेट की बंधी-बंधाई नौकरी छोड़ खुद का कुछ बड़ा खड़ा करने के लिए प्रेरित किया। एक नई मां के तौर पर ईशा अपनी बेटी को सुंदर हेयर क्लिप्स और बीड्स से सजाना पसंद करती थीं। लेकिन, उन्हें भारतीय बाजार में बच्चों के लिए अच्छी क्वालिटी के सामान नहीं मिलते थे। बाजार में सस्ते और घटिया इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स का बोलबाला था। ये जल्दी टूट जाते थे। जब उन्होंने सितंबर 2025 में अपनी बेटी के कान छिदवाए तो पाया कि बच्चों के लिए 14,000 रुपये के सोने के झुमके खरीदना घाटे का सौदा है। कारण है कि बच्चे तेजी से बढ़ते हैं। इसी गैप को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी बचत से 3 लाख रुपये लगाकर जनवरी 2025 में अपने स्टार्टअप की शुरुआत की। यह देखते ही देखते फर्स्टक्राई और मिंट्रा जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर पहुंच गया। शुरुआत में यह बिजनेस घर के एक छोटे से खाली कमरे से शुरू हुआ। इसमें ईशा, उनकी सास अल्पना अग्रवाल और केवल एक कारीगर शामिल थे। ईशा ने अपने ब्रांड की यूएसपी क्वालिटी को बनाया। इसके गहने पूरी तरह से हाइपोएलर्जिक हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593 RNI No.: DELHIN/2008/23928
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)